लखनऊ

मंगलवार, 2 सितम्बर, 2025

वर्ष : 11 | अंक: 53

मूल्य : 1 रुपये

पृष्ठ : 8

हिंदी दैनिक

# आर्यावर्त क्रांति

UPHIN/2014/57034

किसी ने बहुत अच्छी बात कही है, मैं तुम्हें इसलिए सलाह नहीं दे रहा कि मैं ज़्यादा समझदार हूँ, बल्कि इसलिए दे रहा हूँ कि मैंने ज़िंदगी में ग़लतियाँ तुमसे ज़्यादा की हैं

TODAY WEATHER



| DAY | NIGHT |
|---|---|
| 37° | 26° |
| Hi | Low |

## संक्षेप

### पंजाब में बाढ़ से फसलें, मकान सब तबाह, फिर भी 'चढ़दी कला' में पंजाबी, एक कॉल पर जुटाए सवा करोड़ रुपए

जालंधर। भारी बारिश के कारण पंजाब के कई जिलों में लोगों के घर, फसलें आदि सब तबाह हो गए है। राज्य के 1312 गांव पूरी तरह से जलमग्न है। लोग अपने घरों की छतों पर बैठकर समय गुजार रहे है। वहीं, पंजाब के इन हालातों पर मदद के लिए कोई और नहीं ब्लकि खुद पंजाबी ही एकजुट हुए है। लोगों की 3 लाख एकड़ में फसलें 5 से 15 फीट पानी में डूबी हैं, घरों के अंदर पानी है, सामान सब पानी बहा कर ले गया है। इतना कुछ होने के बावजुद भी पंजाबी 'चढ़दी कला' में है। वह इस आपदा को 'तेरा भाणा मीठा लागे' कहकर दिल को सकुन दे रहे है। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रशासन के साथ-साथ देश-विदेश में बसता पूरा पंजाब खड़ा हो गया है। बाबा नानक के किरत करो वंड छको के फलसफे पर चलते हुए 13-13 सोसाइटी के बाबा दीप सिंह सेवा दल ने रातोंरात एक फोन कॉल पर 1 करोड़ 35 लाख रुपए जुटा लिए है। वे बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए लगातार राशन और अन्य जरूरी सामान पहुंचा रहे हैं। जैसे ही पंजाब में बाढ़ के हालात बनने लगे तो बाबा दीप सिंह सेवा दल गढ़दीवाल एक्टिव हो गया। इन्होंने 13-13 सोसाइटी चला रहे बलजीत सिंह गिल भोगपुर से फोन पर बाढ़ में मदद का सहयोग मांगा। उनसे लोगों को निकालने के लिए नाव की मदद मांगी। इसके बाद गिल ब्रदर्स खुद इस काम में जुट गए। बलजीत गिल ने बताया कि जैसे ही मुझे फोन आया, उसके बाद मैंने अपनी दोनों बहनों, बुआ व चाचा के बेटे को फोन किया। वहीं, अपने ब्यास गांव के दोस्त को भी फोन किया। रात 12 बजे कॉल करना शुरू किया और सुबह 8 बजे तक 1 करोड़ 35 लाख रुपए का इंतजाम हो गया।

### चीखता रहा मासूम, कुत्ता नोंचता रहा 11 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत, मालिक गिरफ्तार

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पालतू कुत्ते ने 11 साल के मासूम बच्चे को नोंच-नोंच कर मार डाला। बच्चे का कसूर सिर्फ इतना था कि वह कबाड़ बीनकर अपने परिवार के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कुत्ते के मालिक को गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह दर्दनाक घटना कोतवाली इलाके के गाड़ीपुरा की है। शुक्रवार की सुबह 11 वर्षीय आहिल रोज की तरह कबाड़ बीनने के लिए घर से निकला था। मृतक बच्चे की बुआ नसीम ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि जब आहिल, आरोपी रितिक के घर के पास से गुजर रहा था, तो रितिक ने जानबूझकर अपने पालतू कुत्ते 'लूसी' को भड़काया और आहिल पर हमला करने के लिए उकसाया। मालिक का इशारा मिलते ही कुत्ते ने मासूम आहिल पर जानलेवा हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुत्ते ने सीधे बच्चे की गर्दन पर हमला किया और उसे बुरी तरह नोंचना शुरू कर दिया। आहिल की दर्दनाक चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन जब तक वे उसे बचा पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## राहुल का मोदी सरकार पर बड़ा हमला : 'वोट चोरी पर छोड़ेंगे हाइड्रोजन बम, चेहरा नहीं दिखा पाएंगे पीएम'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा को एक आसन्न खुलासे की चेतावनी देते हुए कहा कि वह जल्द ही वोट चोरी के अपने आरोपों पर एक हाइड्रोजन बम छोड़ेंगे, क्योंकि महादेवपुरा के बारे में जो दिखाया गया वह सिर्फ़ एक परमाणु बम था। 'मतदाता अधिकार यात्रा' के अंतिम दिन एक सभा को संबोधित करते हुए, गांधी ने भाजपा पर तीखे हमले करते हुए कहा कि 'महात्मा गांधी की हत्या करने वाली ताकतें अब भारत के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।'

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 16 दिनों तक चलने वाली 'मतदाता अधिकार यात्रा' का उद्देश्य मतदाता अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कथित 'वोट चोरी' और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं का विरोध करना है। राहुल गांधी ने पटना में कहा कि जिन ताकतों ने महात्मा गांधी की हत्या की, वही ताकतें डॉ. बीआर अंबेडकर और महात्मा गांधी के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं। हम उन्हें भारत के संविधान को नष्ट नहीं करने देंगे। यात्रा के दौरान हमें बहुत समर्थन मिला। बिहार का हर युवा, बच्चा हमारे साथ खड़ा था... मैं भाजपा के लोगों से कहना चाहता हूं कि, महादेवपुरा में, हमने परमाणु बम दिखाया था, लेकिन जल्द ही हम हाइड्रोजन बम लेकर आएंगे, भाजपा तैयार हो जाओ।

राहुल ने साफ तौर पर कहा कि उनकी सच्चाई देश को दिखाई जाएगी। मैं बिहार के लोगों का हमारी मदद करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं... मैं आपको गारंटी देता हूं, हाइड्रोजन बम के बाद, नरेंद्र मोदी जी इस देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने वोट चोरी को 'अधिकारों, आरक्षण, रोज़गार, शिक्षा और लोकतंत्र की चोरी' करार दिया। उन्होंने कहा कि हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और लोगों को दिखाया। भारत का चुनाव आयोग हमें मतदाता सूची, वीडियोग्राफी नहीं देता... हमने देश के सामने सबूत पेश किए। 'वोट चोरी' का मतलब है हमारे अधिकारों, आरक्षण, रोज़गार, शिक्षा और लोकतंत्र की चोरी। वे आपका राशन कार्ड, ज़मीन छीनकर अडानी और अंबानी को दे देंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा कथित 'वोट चोरी' और भारत के चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को उजागर करने के लिए राहुल गांधी द्वारा निकाली गई 16 दिवसीय यात्रा आज पटना में समाप्त होगी। यह अभियान 17 अगस्त को शुरू हुआ था, जिसमें राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव सासाराम से एक साथ यात्रा का संचालन कर रहे थे। वहाँ से, रैली 25 जिलों से होते हुए औरंगाबाद, गयाजी, सीवान और अन्य जिलों तक पहुँची।

### पप्पू यादव का दावाः जब तक राहुल गांधी हैं, संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तारीफ करते हुए पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को कहा कि जब तक कांग्रेस सांसद हैं, संविधान सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार ने एक नया मोड़ लिया है और राज्य में बदलाव की आवाज गूंज रही है। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में बदलाव की आवाज गूंज रही है... जब तक राहुल गांधी हैं, संविधान सुरक्षित है, लोकतंत्र सुरक्षित है, जनता सुरक्षित है और देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने लोगों के अधिकारों की रक्षा की जिम्मेदारी ली है और लोगों को उन पर पूरा भरोसा है। पप्पू यादव ने कहा कि इसलिए, बिहार और देश के अधिकारों की रक्षा के लिए राहुल गांधी ने जो यात्रा शुरू की है, आज पूरा बिहार, इंडिया गठबंधन के नेता और देश के युवा उनकी ओर विश्वास से देख रहे हैं। बिहार के युवा और गरीब पूरी तरह से राहुल गांधी के साथ खड़े हैं।' पप्पू यादव मतदाता अधिकार यात्रा के समापन के दिन पटना में राहुल गांधी के साथ शामिल हुए।

## सलामत रहे दोस्ताना हमारा

## पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन एक ही कार में हुए सवार, ट्रंप की बढ़ेगी टेंशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के समापन के बाद द्विपक्षीय बैठक के लिए एक ही कार में सवार होकर मीटिंग में पहुंचे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर शेयर कर इस मुलाकात की जानकारी दी। पीएम मोदी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, एससीओ शिखर सम्मेलन के बाद मैं और राष्ट्रपति पुतिन साथ में द्विपक्षीय बैठक के स्थान पर गए। उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच मजबूत कूटनीतिक संबंधों को दर्शाती है। इससे पहले दिन में, पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और राष्ट्रपति पुतिन के बीच अनौपचारिक बातचीत की तस्वीरें सामने आईं, जो एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान तीनों नेताओं के बीच हल्के-फुल्के पल को दर्शाती हैं। इन तस्वीरों में तीनों नेता मुस्कुराते और बातचीत करते नजर आए, जो रूस के कजान में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की एक समान तस्वीर की याद दिलाती हैं। ताजा तस्वीर में पुतिन बायीं ओर, बीच में प्रधानमंत्री मोदी और दायीं ओर शी जिनपिंग एक साथ चलते हुए एससीओ फैमिली फोटो के लिए पोज देते दिखे। इस तस्वीर को साझा करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, तियानजिन में मुलाकातें जारी। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने एक अन्य तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह और राष्ट्रपति पुतिन एक-दूसरे से हाथ मिलाते और गले मिलते नजर आए। इस तस्वीर के साथ पीएम मोदी ने लिखा, राष्ट्रपति पुतिन से मिलना हमेशा खुशी की बात है।

### वोट चोरी मोदी की आदत! खड़गे बोले- पीएम बिहार चुनाव में भी यही चाहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव वोट चोरी के ज़रिए जीतने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से अपने मताधिकार की रक्षा के लिए सतर्क रहने का भी आग्रह किया, वरना मोदी और अमित शाह आपको डुबो देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली मतदाता अधिकार यात्रा के समापन पर आयोजित एक जनसभा में खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को चोरी करने की आदत है। वह वोट चुराते हैं, पैसा चुराते हैं। और वे (भाजपा) उन लोगों का ख्याल रखते हैं जो देश के बैंकों को लूटकर भारत से भाग गए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी वोट चोरी के ज़रिए बिहार चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं।

## पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ की बड़ी कोशिश, सेना और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी से सटे पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (रुशष्ट) पर आज सुबह से ही भारतीय सेना और घुसपैठियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी है। सेना ने सोमवार सुबह पुंछ के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसके बाद यह मुठभेड़ शुरू हो गई।

रक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सेना के सतर्क जवानों ने आज सुबह बालाकोट सेक्टर के डब्बी इलाके में बाड़ के आगे जीरो लाइन के पास कुछ संदिग्ध हलचल देखी। जब जवानों ने संदिग्ध घुसपैठियों को ललकारा तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। भारतीय सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी होने लगी। सूत्रों ने बताया कि इलाके में अभी भी सेना का ऑपरेशन जारी है। घुसपैठ की कोशिश को पूरी तरह से नाकाम करने और आतंकियों के किसी भी मंसूबे को विफल करने के लिए अतिरिक्त सैन्य बल को मौके पर भेजा गया है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।



### मुख्यमंत्री आवास के पास दंपति द्वारा आत्मदाह करने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजधानी शहर में स्थित 'लखनऊ गोल्फ क्लब चौराहा' के पास एक दंपत्ति द्वारा आत्मदाह करने की कोशिश को पुलिस ने सोमवार को नाकाम कर दिया। यह जगह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास से बमुश्किल कुछ सौ मीटर की दूरी पर है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में लखनऊ पुलिस ने कहा, ''आज दोपहर लगभग 12 बजे, हरदोई जिले के निवासी संदीप कश्यप (उम्र लगभग 35 वर्ष) और उनकी पत्नी रोली कश्यप (उम्र लगभग 27 वर्ष) (लखनऊ) गोल्फ क्लब चौराहे' के पास खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालने जा रहे थे, तभी सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों ने दंपति को तुरंत रोका और उन्हें स्थानीय थाने (गौतमपल्ली) में ले गए।''

## 'जब एआई से घपला पकड़ सकते हो तो सपा के एफिडेविट..', अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को घेरा



आर्यावर्त क्रांति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले एआई के जरिए डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिसे लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आयोग पर तंज कसा है।

सपा अध्यक्ष ने एआई से डुप्लीकेट मतदाता हटाए जाने पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर आयोग इस तकनीक के ज़रिए अपना घपला पकड़ सकता है तो फिर समाजवादी पार्टी ने जो एफिडेविट दिए उनका जवाब क्यों नहीं दे सकता।

### चुनाव आयोग पर उठाया सवाल

अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा- 'जब जुगाड़ आयोग AI से सवा करोड़ का अपना घपला पकड़ सकता है तो फिर हमारे द्वारा दिये गये 18000 में से केवल 14 एफ़िडेविट का जवाब देने के बाद बचे 17986 एफ़िडेविट्स का क्यों नहीं?' दरअसल यूपी में त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत सभी जिलाधिकारियों को कहा गया है कि एआई के ज़रिए अलग-अलग गांवों में डुप्लीकेट वोटरों की पहचान की जाएगी।

जिन मतदाताओं का नाम एक से ज्यादा ग्राम पंचायतों में मिला उन्हें सूची से हटाया जाएगा। इसके लिए बीएलओ को घर-घर जाकर वोटरों का सत्यापन करने को कहा गया है। जो पूरा डेटा कलेक्ट करेंगे। इस प्रक्रिया में वोटर लिस्ट से सवा करोड़ मतदाता कम होंगे।

### अखिलेश यादव ने लगाया ये आरोप

राज्य चुनाव आयोग का ये निर्देश ऐसे समय में आया है जब बिहार में SIR की प्रक्रिया और वोट चोरी के मुद्दे को लेकर विपक्षी दल हमलावर बने हुए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया 2022 के चुनावों में कई मतदाताओं के नाम साज़िश के तहत काटे गए थे। सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी ने निर्वाचन आयोग को 18,000 हलफनामे सौंपे थे, जिनमें से केवल 14 का ही आंशिक और आधारहीन जवाब दिया गया। जबकि 17,986 अनुत्तरित हैं। उन्होंने BJP, चुनाव आयोग और प्रशासनिक अधिकारियों पर सांठगांठ का आरोप लगाया था।

### रक्षा क्षेत्र में अडानी समूह की ऊंची उड़ान, अब भारत के लिए बनाएगा 5वीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में एक बड़े विकास के तहत, दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनी 'अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस' अब लड़ाकू विमानों के निर्माण में कदम रखने जा रही है। कंपनी ने रक्षा मंत्रालय के महत्वाकांक्षी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम में अपनी भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। यह भारत की सबसे प्रमुख पांचवीं पीढ़ी की स्टील्थ लड़ाकू विमान परियोजना है। कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम फिलहाल 'रुचि पत्र' के चरण में है, जिस पर प्रतिक्रिया देने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। अडानी डिफेंस ने इस परियोजना के लिए बोली लगाने में अपनी रुचि स्पष्ट कर दी है।

## वसूली रोकने पर देवरिया स्टेशन पर किन्नरों का आतंक, आरपीएफ इंस्पेक्टर को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

आर्यावर्त क्रांति

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर रविवार, 31 अगस्त की देर रात ट्रांसजेंडरों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एक आरपीएफ इंस्पेक्टर पर हमला कर दिया और उसकी पिटाई कर दी, जब अधिकारियों ने उन्हें ट्रेन यात्रियों से अवैध वसूली करने के आरोप में अगवा कर लिया था। खबर है कि पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जानकारी का इंतज़ार है। घटना का एक वीडियो वहाँ मौजूद लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया और अब इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। स्टेशन पर आस-पास के विक्रेताओं और बहादुर यात्रियों ने हिंसक हमले का सामना किया और आरपीएफ इंस्पेक्टर को बचाया। रविवार देर रात आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद अपने सहयोगियों के साथ देवरिया रेलवे स्टेशन पर अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन की चेकिंग कर रहे थे। कुछ यात्रियों ने इंस्पेक्टर से किन्नरों द्वारा अवैध वसूली की शिकायत की। यात्रियों ने यह भी बताया कि पैसे न देने पर किन्नर दुर्व्यवहार करते हैं।



यात्रियों की शिकायत पर इंस्पेक्टर ने स्टेशन पर घूम रहे किन्नरों को यात्रियों से पैसे न वसूलने की हिदायत दी और चेतावनी दी कि अगर आगे शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। इतनी सख्त चेतावनी के बाद मौके पर मौजूद किन्नर अपना आपा खो बैठे। कुछ ही देर में किन्नरों का एक समूह रेलवे स्टेशन पर इकट्ठा हो गया और प्लेटफार्म नंबर 1 पर हंगामा करने लगा। किन्नरों ने ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। किन्नरों के हंगामे की सूचना मिलने पर आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद सादे कपड़ों में कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुँचे। गुस्साए किन्नरों ने आरपीएफ इंस्पेक्टर का डंडा छीन लिया और उन पर हमला कर दिया। किन्नरों ने इंस्पेक्टर का पीछा किया। उनकी संख्या पुलिसवालों से ज़्यादा थी, इसलिए पुलिस को पीछे हटना पड़ा। गुस्साए किन्नरों ने आरपीएफ दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। किन्नरों का आतंक देखकर मौके पर मौजूद कुछ बहादुर यात्री और वेंडर पुलिस के साथ खड़े हो गए। यात्रियों और वेंडरों के ललकारने पर हमलावर पीछे हट गए और इंस्पेक्टर की जान बच गई। देवरिया रेलवे स्टेशन पर किन्नरों के उत्पात से काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। हंगामे की सूचना मिलने पर जीआरपी भी मौके पर पहुँची, लेकिन उससे पहले ही किन्नर फरार हो चुके थे।

## आपको डुप्लीकेट मुख्यमंत्री चाहिए या असली...तेजस्वी यादव बोले- एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकेगी बिहार की जनता

**पटना, एजेंसी।** 'मतदाता अधिकार यात्रा' के समापन कार्यक्रम में राजद नेता तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे गुजरात में कारखाने लगाएंगे लेकिन बिहार में जीत चाहते हैं। क्या ऐसा होने वाला है? ...बिहार में चल रही डबल इंजन की सरकार का एक इंजन अपराध में और दूसरा भ्रष्टाचार में लगा है। कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। आपको अपने वोटों की रक्षा करने की ज़रूरत है। बहुत ही चालाकी से कई फर्जी वोट भी जोड़े जा रहे हैं। बिहार में जो लोग गड़बड़ी फैला रहे हैं, उन्हें करारा जवाब देना होगा। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि हमने जो कहा, वही ये (एनडीए) 'नकलची' सरकार कर रही है। ये सरकार नकल तो कर सकती है, लेकिन विजन या नई सोच नहीं ला सकती। इसलिए, आप लोगों को तय करना है कि आपको डुप्लीकेट मुख्यमंत्री चाहिए या असली मुख्यमंत्री। राजद नेता ने मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान मिले समर्थन की सराहना की और कहा कि बिहार की जनता बिहार से मौजूदा एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से कहा कि भारत का चुनाव आयोग अपनी विश्वसनीयता खो चुका है। भाजपा बेनकाब हो गई है। जनता उन्हें सत्ता से बाहर कर देगी और बिहार से देश को एक संदेश जाएगा। जो लोग संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करना चाहते हैं, उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा... हमें इस यात्रा में भारी समर्थन मिला। राहुल गांधी द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा कथित 'वोट चोरी' और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को उजागर करने के लिए निकाली गई 16 दिवसीय यात्रा आज पटना में समाप्त होगी। यह रैली 18 अगस्त को राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के साथ सासाराम में शुरू हुई थी। वहाँ से, यह रैली औरंगाबाद, गयाजी, सीवान और अन्य 25 जिलों में पहुँची। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता यूसुफ पठान और ललितेश पति त्रिपाठी भी पटना में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली मतदाता अधिकार यात्रा के समापन दिवस पर इसमें शामिल होने वाले हैं।

# 'लाश के नौ टुकड़े करना, फिर अलग-अलग दिशाओं...', तांत्रिक ने इसलिए दी थी ये सलाह; दादा ने पोते को काट डाला



**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के औद्योगिक इलाके में बीते मंगलवार को 11वीं के छात्र पीयूष उर्फ यश की हत्या के मामले में रविवार को आरोपी तांत्रिक मुन्ना लाल (45) को करेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने स्वीकार किया कि हत्यारोपी चचेरे दादा सरन को उसने सलाह दी थी कि उसके घर पर यश के पिता का साया है। ऐसे में अगर यश के नौ टुकड़े कर घर से अलग-अलग दिशाओं में फेंके जाएं तो तभी गृह दोष खत्म हो सकेगा।

### दो बच्चों ने कर ली थी आत्महत्या

पुलिस के अनुसार, कौशांबी थाना इलाके के गांव धुस्कहा निवासी तांत्रिक मुन्ना ने बताया कि करेली के लेबर चौराहे के पास सदियापुर निवासी सरन से उसकी मुलाकात हुई थी। उसने बताया था कि उसके दो बच्चों ने आत्महत्या कर ली। पहले बेटी ने 2023 और फिर बेटे ने 2024 में यमुना पुल से कूदकर जान दी थी। इससे परेशान सरन ने तांत्रिक से मदद की गुहार लगाई।

इस पर सरन सिंह के घर जाकर उसने तंत्र-मंत्र की और कहा कि घर में साया है। इसे दूर करने के लिए परिवार के अजय सिंह उर्फ गुड्डू के बेटे (पीयूष) को काटकर नौ टुकड़े कर दक्षिण-पश्चिम और उत्तर दिशा में फेंकना है।

टुकड़े घर से अलग-अलग दिशाओं में फेंके जाएं तभी गृह दोष शांत होगा। इसके बाद भी उसने कई बार सरन सिंह के घर जाकर तंत्र-मंत्र किया। साथ ही फोन पर भी बातचीत कर संपर्क में रहा।

### किताबें पढ़ सीखी तंत्र-विद्या

एडीसीपी अभिषेक कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी तंत्र क्रिया के साथ ही राजमिस्त्री का भी काम करता है। शुरू से ही उसे तांत्रिक बनने का शौक था। इसके लिए पिछले कई वर्षों से वह तंत्र-विद्या की किताबें पढ़ रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि गांव में रहकर तंत्र विद्या से उसने कई सारे काम किए हैं लेकिन पहले किसी की हत्या नहीं करवाई। पहली बार हत्या और शव के टुकड़े करने की सलाह दी थी।

### हत्यारोपी की पत्नी से कई बार कराई पूजा

जांच में पता चला कि आरोपी तांत्रिक ने सरन सिंह की पत्नी से घर में कई बार पूजा पाठ भी करवाया है। तांत्रिक ने परिवार को गुमराह किया था कि उनके घर पर साया मंडरा रहा है। अगर विधि-विधान से पूजा होती है तो साया दूर हो जाएगी, इसलिए उसने कई बार पूजा करवाई।

### दादा ने किए पोते के छह घंटे में छह टुकड़े

इससे पहले औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को 11वीं के छात्र पीयूष उर्फ यश का सिर और हाथ-पैर काटकर शव फेंकने के मामले में पुलिस ने करेली सदियापुर निवासी आरोपी दादा सरन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यश के शरीर के छह टुकड़े कर छह घंटे में शव का ठिकाना लगा दिया। पुलिस लाइन सभागार में डीसीपी नगर अभिषेक भारती व डीसीपी यमुनानगर विवेकचंद्र यादव ने बताया कि सदियापुर निवासी सरन सिंह की बेटी ने 2023 और बेटे ने 2024 में यमुना पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। दोनों बच्चों की मौत से सरन सिंह परेशान हो गया।

इस बीच वह कौशाम्बी के रहने वाले एक तांत्रिक के संपर्क में आया। शक था कि यश की दादी ने उसके परिवार पर जादू-टोना किया है। तांत्रिक के कहने पर ही सरन ने यश को मंगलवार सुबह 8:30 बजे स्कूल जाते वक्त किसी काम का बहाना बनाकर अपने साथ कल्याणी देवी स्थित मकान में ले गया और फिर यश के पीछे से सिर पर ईंट से हमला कर दिया। जमीन पर गिरने पर गिरते ही कपड़ा से मुंह दबाकर उसे मार डाला। इसके बाद आरी और चापड़ से शरीर के छह टुकड़े कर दिए। पहले सिर काटा, फिर दोनों हाथ, पैर व धड़ को काटकर अलग किया।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी धड़ को एक पॉलीथिन में भरकर कल्याणी देवी से दरियाबाद, पुराने पुल, अरैल रोड, फूलमंडी होते हुए फिर औद्योगिक क्षेत्र के लवायन कुरिया पहुंचा और यहां के नाले में सिर कटी लाश फेंककर फरार हो गया। हालांकि, धड़ फेंकते समय भैंस चरा रही एक बुजुर्ग की नजर पड़ गई।

पुलिस को अब तक यश का सिर और धड़ मिला है जबकि अन्य हिस्से नहीं मिले हैं। पुलिस ने हत्यारोपी को सैदपुर क्षेत्र के बरखंडी महादेव मंदिर रोड पर सरपतों के पास गिरफ्तार किया है। वहीं, हत्या में प्रयुक्त आरी व चापड़ भी बरामद कर ली गई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यश के कपड़े को यमुनापुल से नदी में फेंक दिया।

# ई-रिसोर्सेस प्रशिक्षण वर्कशॉप का शुभारंभ




**आर्यावर्त संवाददाता**

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा नवागत छात्राओं को रिसोर्सेज की सुविधा का सफलतम उपयोग कर सकने हेतु एक वर्कशॉप का आयोजन का आज शुभारंभ हुआ जो 11 सितंबर तक चलेगा प्रतिवर्ष की तरह संस्थान के छात्रों को प्रशिक्षित करवाना जिससे इलेक्ट्रॉनिक पाठय सामग्री के उपयोग मे दक्षता हासिल हों जिससे वह प्रिंट सामग्री के साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा जो बुक्स जर्नल्स आर्टिकल्स शोध पत्र संस्थान द्वारा सब्सक्राइब किए गए अथवा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निशुल्क रूप में छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध है उसका सफलता के साथ उपयोग वह कर सकते हैं इस हेतु काफी पहले से संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह( विधायक सुल्तानपुर) ने निर्देश दिया था कि बदलते परिवेश में तकनीकी माध्यम से जो सुविधा छात्राओं और शिक्षकों को मिलनी चाहिए उनको इस हेतु प्रशिक्षित करें जिससे वह इसका उपयोग कर अपनी जानकारी को और समृद्ध कर सकें यही मंतव्य हमारे श्रद्धेय प्राचार्य प्रो. डॉ.आलोक कुमार सिंह और पुस्तकालय समिति का भी रहा है संस्थान प्राचार्य ने आज इसका शुभारंभ किया इसकी उपयोगिता और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता में इसकी उपयोगिता को छात्रों से साझा किया पुस्तकालय ने संस्थान की ही तरह प्रदेश में सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया है। कमला नेहरू संस्थान, पुस्तकालय विज्ञान का कोर्स भी 2025 से शुरू कर दिया है जिसका उद्देश्य जनपद और जनपद के बाहर पुस्तकालयों में अपने छात्रों को सेवा करने हेतु दक्ष बनाना और रोजगार का अवसर शुल्क करना है प्रशिक्षित छात्रों को ई- सर्टिफिकेट वर्कशॉप का दिया जाएगा इस अवसर पर उप प्राचार्य एवं पुस्तकालय समिति के समन्वय डॉक्टर शक्ति सिंह,मुख्यअनुशासता डॉ सुधांशु प्रताप सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ.अतुल सिंह , पुस्तकालय के प्रवक्ता डॉ.विश्वदीप खरवार, विजय कुमार सिंह, मोहम्मद शाहिद, सुधीर कुमार सिंह, कोमल सिंह, प्रहर्ष मिश्रा, दीपक वर्मा ,विकास राव, कपिल यादव, रहे हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों मे छात्रा की मौत, अंतिम संस्कार से इंकार

**सुल्तानपुर।** कुड़वार थाना अंतर्गत बहलोलपुर गांव में एक बीए छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद नया मोड़ आ गया है। परिजनों ने खुलासा नहीं होने तक शव के अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया है। पंडित राम केदार नाथ पीजी कॉलेज की छात्रा शिखा गुप्ता कल शाम फोटोकॉपी कराने के लिए साइकिल से निकली थी। रात 7 बजे तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। गांव के प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। आज सुबह 6 बजे शिखा का शव घर से मात्र 80 मीटर दूर एक पेड़ से लटका मिला। उसकी साइकिल अभी तक नहीं मिली है। शिखा अपने परिवार की इकलौती बेटी थी। उसके परिवार में माता-पिता और एक बड़ा भाई हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, वह शांत स्वभाव की छात्रा थी। परिवार का आरोप है कि किसी ने हत्या करके शव को पेड़ से लटकाया है। कोतवाल अमित कुमार मिश्रा के अनुसार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# लखीमपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में की तोड़फोड़, अब्दुल कलाम की तस्वीर उतार फेंकी




**आर्यावर्त संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर हंगामा किया। महिला कार्यकर्ता कलक्ट्रेट के पास स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में घुस गईं। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मी मूकदर्शन बने रहे।

दरअसल, बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र भाषा बोले जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। कांग्रेस के विरोध में भाजपाई प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को लखीमपुर खीरी में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन के बहाने कांग्रेस कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की गई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में भाजपा का झंडा लिए महिला कार्यकर्ता तोड़फोड़ करती दिख रही है। महिला कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तस्वीरों को उतार कर फेंक दिया।

# अब और सहन नहीं होता...' प्रेमी ने लिखा रुला देने वाला सुसाइड नोट, जिस तरह दी जान ; कांप गए घरवाले



**आर्यावर्त संवाददाता**

**मथुरा।** में प्रेम विवाह न होने से आहत फोटोग्राफर ने रविवार को घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। साथ ही इस कदम के लिए युवती के परिजनों को जिम्मेदार ठहराया है। मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट से इस बात का खुलासा हुआ है।

राजस्थान के जिला डीग के लाला वली गली मैन बाजार निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि उनके भतीजे उदित (25) की श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास पोतरा कुंड के निकट वीके फिल्म प्रोडक्शन के नाम से फोटोग्राफी की दुकान थी। वह हर सप्ताह घर पर आता था। उन्होंने बताया कि बीते दो साल से उनके भतीजे का चौक बाजार की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह उसी लड़की के साथ विवाह करना चाहता था। दो दिन पूर्व उसका युवती से मोबाइल को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि युवती ने उदित की पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उदित का शांतिभंग में चालान कर दिया। परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो वह उदित को अपने साथ घर ले गए।

### दुकान में फंदे से लटकी मिली लाश

रविवार सुबह वह गलतेश्वर महादेव का दीपक जलाने के नाम पर घर से चला गया। युवक काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान होने लगे और उसके मोबाइल पर फोन करने लगे। युवक के पिता ने कई बार फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद युवक की मां ने उसके पड़ोसी दुकानदार चायवाले के पास फोन किया और दुकान में देखने के लिए कहा। चायवाला जैसे ही दुकान में घुसा तो उसे फंदे पर लटका हुआ उदित का शव दिख गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुलिस को मिला सुसाइड नोट

पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सुसाइड नोट में युवती के परिजनों को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही लिखा है कि युवती के परिजनों ने उससे शादी कराने से मना कर दिया था और आए दिन उसे परेशान करते थे। उसे जेल भेजने की भी धमकी देते थे। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। साथ ही मामले की जांच कराई जा रही है।

### मां बेहोश होकर जमीन पर गिरी

इधर, बेटे की मौत की सूचना मिलने के बाद मां बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला। मृतक के ताऊ धर्मेंद्र का कहना है कि उनके बेटे ने जिसके लिए जान दी है, उनके खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। साथ ही कड़ी से कड़ी कार्रवाई कराएंगे।

## जन्मदिन पार्टी के बहाने नाई से कराया बैनामा

सुल्तानपुर। गोसाईंगंज थाना अंतर्गत कसमऊ पकड़ीपुर के नाई अताउल्ला के साथ जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। अताउल्ला कटका बाजार में नाई की दुकान चलाते हैं। 6 अप्रैल को उनके दो ग्राहक मोहम्मद तहसीन और जुनैद अहमद जन्मदिन की पार्टी का बहाना बनाकर उन्हें हुसैनगंज इनायतपुर ले गए। वहां पहले से मौजूद मोहम्मद तसरीफ, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद ताबिस, सुरेंद्र यादव, मोहम्मद दानिश और मोहम्मद कामरान ने अताउल्ला को पकड़ लिया। आरोपियों ने उन्हें जबरन शराब पिलाई और विरोध करने पर मारपीट की। कनपटी पर हथियार लगाकर एक स्कॉर्पियो में बैठाया और सदर तहसील ले गए। आरोपियों ने जबरदस्ती अताउल्लाह का अंगूठा पेपर पर लगवा लिया। अनपढ़ होने के कारण वह दस्तावेज नहीं पढ़ पाए। इसके बाद आरोपी उन्हें एसबीआई बैंक ले गए।

# लापता सांसद के लिए राष्ट्रपति को देंगे ज्ञापन एव पुलिस में रिपोर्ट होगी दर्ज : ओमप्रकाश

**आर्यावर्त संवाददाता**

**सुलतानपुर।** चुनाव जीतने के बाद संसद द्वारा लोकसभा क्षेत्र में ना तो प्रतिनिधि बनाना और ना ही स्थाई कार्यालय खोलने का मामला बेहद गंभीर है। सुल्तानपुर में पहली बार समाजवादी पार्टी का निषाद समाज से राम भुवाल निषाद हुए हैं सांसद। हम इनका स्वागत करते हैं किंतु एक वर्ष से अधिक हो जाने के बावजूद न कार्यालय और न ही प्रतिनिधिना होना और खुद भी लापता रहना जनता के साथ धोखा एवं छलावा का प्रत्यक्ष प्रमाण है।



प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जदयू उत्तर प्रदेश ओम प्रकाश उपाध्याय ने कहा जनहित में हमने इस स्थिति का विरोध किया एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन 22 अगस्त को सिटी मजिस्ट्रेट को दिया जिसमें इस बात की मांग की गई की। 10 दिन में कार्यालय एवं प्रतिनिधि न होने पर प्रबल विरोध एवं आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा दुखद बात यह है कि 10 दिन बीत जाने के बावजूद भी ना तो स्थाई कार्यालय खुला और ना ही प्रतिनिधि की नियुक्ति हुई अतः बाध्य होकर कल 2 सितंबर को महामहिम राष्ट्रपति महोदया संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी सुल्तानपुर के द्वारा प्रेषित किया जाएगा एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को प्रार्थना पत्र देकर लापता सांसद प्रतिनिधि एवं कार्यालय खोजवाने की मांग भी की जाएगी जिसका दायित्व संबंधितों पर ही होगा।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले में दंगल के अतिथि के रूप में रहे सेठ मोहम्मद अनस



**आर्यावर्त संवाददाता**

**बरखेड़ा,पीलीभीत।** नगर में चल रहे श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले में विशाल दंगल चल रहा है जिसमे व्यापार मंडल बरखेड़ा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेठ मोहम्मद अनस वरिष्ठ अतिथि के रूप में रहे।वही आपको बता दें यह दंगल का आयोजन विराट दंगल कमेटी के द्वारा कराया जा रहा है वही कमेटी द्वारा सेठ अनस को पगड़ी एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।सेठ अनस ने समस्त कमेटी सदस्यों एवं क्षेत्र वसीयो का आभार व्यक्त किया।इसी बीच कुस्ती में भाग लेने वाले अयोध्या से पहलवान बाबा बजरंगी,बाबा लाठी,देवा शरीफ से सुल्तान भारतीय,चंडीगढ़ से जौला पहलवान इन्ही सभी पहलवानों के बीच में कुस्ती हुई।विशाल दंगल कमेटी के प्रिंस भारद्वाज (बजरंगी) ने बताया कि इस दंगल में पूरे देश एवं विदेश के कोने कोने से पुरुष एवं महिला पहलवान प्रतिभाग करने आ रहे है और काफ़ी पहलवान प्रतिभाग कर चुके है।इसी के साथ महिला पहलवानों के बीच भी कुस्ती कराई गई।एक ऐसे पहलवान है जोकि हरिद्वार से आए बाबा रामदेव के शिष्य प्रदीप शास्त्री पहलवान जो अपने शरीर से फुल स्पीड में चलाता टैक्टर रोकने की छमता रखते है व टैक्टर को अपने शरीर के ऊपर से निकलवा सकते है ।बता दें यह दंगल 05 सितंबर तक चलेगा।इस मौके पर सेठ अनस (सदस्य ज़िला पंचायत प्र०),जितेन्द्र सैनी,विमलेश कुमार,राहुल शर्मा,उवैश क़ुरैशी,दंगल कमेटी के अध्यक्ष प्रिंस भारद्वाज (बजरंगी), कमेटी सदस्य उत्तम अग्रवाल,मनोज सक्सेना,अभिषेक गोस्वामी, संतोष भारती, विशाल कुशवाह, के साथ साथ समस्त नगर वाशी उपस्थित रहे।

### बाइक सवार उचक्का मोबाइल झपटकर फरार

**अमरिया, पीलीभीत।** कस्बे में शनिवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब बाइक सवार एक उचक्का राह चलते युवक का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। अचानक हुई इस वारदात से मौके पर मौजूद लोग भी कुछ समझ नहीं पाए और चोर आंखों के सामने से ओझल हो गया।कस्बा निवासी अंशु शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार रात करीब 8 बजे तहसील गेट के सामने सड़क किनारे खड़े होकर अपने मोबाइल फोन से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक अज्ञात व्यक्ति बाइक पर सवार होकर आया और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गया।घटना के बाद पीड़ित ने शोर मचाया और आसपास मौजूद लोगों ने उचक्के को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन तब तक वह तेजी से बाइक दौड़ाते हुए निकल चुका था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।पीड़ित अंशु शर्मा ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी और पुलिस से मोबाइल चोर को पकड़कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# लगातार बारिश से उफनाई शारदा, बाढ़ से गांव में तबाही

## सड़कों से घरों तक पानी, चारे का संकट, प्रशासन की उदासीनता पर सवाल

**आर्यावर्त संवाददाता**

**पूरनपुर, पीलीभीत।** पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश ने शारदा नदी का जलस्तर खतरनाक संकेत दे रहा है।पिछले कुछ दिनों से जारी लगातार बारिश ने शारदा नदी का जलस्तर बढ़ा दिया है। इसमें हजारा, शास्त्री नगर सहित कई गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। पानी भरने से ग्रामीणों को खाना बनाने में भी काफी दिक्कतें हो रही हैं। खेत खलियान में पानी भरा होने से मवेशियों के लिए चारे का संकट भी उत्पन्न हो रहा है। इसी तरह लगातार बारिश होती रही तो शारदा नदी किनारे बसे कई गांव बाढ़ के चपेट में आ सकते हैं। प्रशासन ने अभी तक खाद्य राहत सामग्री गांव में वितरण नहीं करवाई है। सड़कों घरों में पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। पिछले दिन दिन से शुरू हुई बरसात सोमवार को भी झमाझम होती रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला अधिकारी के आदेश सुरक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि यह दौर अभी कुछ दिन और जारी रहेगा। बारिश ने जहां तापमान में गिरावट लाकर उमस और गर्मी से लोगों को बड़ी राहत दी है, वहीं रोज़मर्रा की गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज़ बरसात से कच्चे रास्तों पर फिसलन और गड्ढों में पानी भरने से आवाजाही मुश्किल हो गई है। कई जगह नालियों के उफान से पानी घरों में घुसने की शिकायतें भी सामने आई हैं। बाढ़ की चपेट में आए गांवों में अब तक खाद्य सामग्री और राहत किट का वितरण नहीं हो सका है। हालांकि दो दिन पहले चंदिया हजारा के प्रधान वासुदेव कुंडू ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी थी। ग्रामीण प्रशासन की निष्क्रियता पर नाराजगी जता रहे हैं। उनका कहना है कि समय रहते मदद नहीं मिली तो हालात और बिगड़ जाएंगे। हजारा और शास्त्रीनगर के ग्रामीणों ने बताया, "घर में पानी भर गया है, चूल्हा तक नहीं जल पा रहा। मवेशियों के लिए चारे की भारी समस्या है। सरकार मदद भेजे, वरना हालात बिगड़ते जाएंगे।" विमला देवी ने कहा, "तीन दिन से लगातार बरसात हो रही है। बच्चों को घर से बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। प्रशासन बस दौरे कर रहा है, मदद अभी तक नहीं पहुँची।" जहाँ तेज़ बरसात ने उमस और गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं रोज़मर्रा की ज़िंदगी अस्त-व्यस्त हो गई है। बाजारों में रौनक घट गई है और परिवहन व्यवस्था भी ठप सी हो गई है।



# लखनऊ में बारिश के बाद नगर आयुक्त ने किया जोनल निरीक्षण, जलभराव और सफाई व्यवस्था की ली जानकारी

**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**



**लखनऊ।** बीती रात शहर में हुई मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार सुबह नगर आयुक्त गौरव कुमार ने लखनऊ के विभिन्न जोनों का निरीक्षण कर जलभराव और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था और नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया।नगर आयुक्त ने जोन 1, 2, 4, 5, 6, 7 और 8 का दौरा किया और अधिकारियों के साथ स्थिति का मूल्यांकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में बारिश के चलते जलभराव हुआ है, वहां तत्काल पंप लगाकर पानी निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही नालियों और ड्रेनों की सफाई पर विशेष जोर दिया गया।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जोन 4 के विनीत खंड स्थित पीसीटीएस सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए तैनात वाहनों का रिकॉर्ड चेक किया और वाहनों की समय से ड्यूटी पर निकलने और निर्धारित मार्गों पर कूड़ा संग्रहण की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गाड़ियां समय पर काम पर लगें और किसी भी वार्ड में कूड़ा उठाने की शिकायत न आए।इसके अलावा नगर आयुक्त जोन 7 के इंदिरा नगर वार्ड भी पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर कूड़ा कलेक्शन की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था के प्रति फीडबैक लिया। नागरिकों ने अपनी समस्याओं और संतोषजनक बिंदुओं को साझा किया। नगर आयुक्त ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी खामियां मिल रही हैं, उन्हें तुरंत सुधारा जाए।नगर आयुक्त ने कहा कि बारिश के मौसम में साफ-सफाई और जलभराव नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। नालियों और ड्रेनों की नियमित सफाई कर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। साथ ही कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक जोनल अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित निगरानी रखें तथा जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। निरीक्षण के दौरान संबंधित जोनों के अधिकारी और सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री ने सुनी आमजन की समस्याएँ

**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने सरकारी आवास 7, कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन आयोजित किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएँ सीधे उनके सामने रखीं।उप मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की बात पूरे धैर्य और संवेदनशीलता से सुनी और कहा कि प्रदेश की जनता ही उनका परिवार है। उन्होंने कहा, "जनता की हर पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा है। सरकार का दायित्व है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान समयबद्ध और न्यायपूर्ण ढंग से किया जाए।"जनता दर्शन में किसानों, व्यापारियों, महिलाओं और बुजुर्गों ने अपनी शिकायतें व आवेदन प्रस्तुत किए। भूमि विवाद, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली, रोजगार और सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़े प्रकरण अधिक सामने आए। उप मुख्यमंत्री ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिएकई जरूरतमंदों को मौके पर ही राहत दिलाई गई। गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, वहीं गरीब व वंचित वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का आश्वासन दिया गया।मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर जनता को अनावश्यक परेशान न किया जाए और शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से किया जाए।उन्होंने कहा कि जनता दर्शन जैसे कार्यक्रम आमजन और सरकार के बीच सीधे संवाद का माध्यम हैं। इसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है और यह सुनिश्चित करना है कि जनता को सम्मान और न्याय दोनों मिले।

# विकलांग ई रिक्शा चालक गला रेत की हत्या, आरोपी चाकू संग गिरफ्तार

**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**



**लखनऊ।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के उन्मेद खेड़ा गांव के मोड़ पर सोमवार सुबह एक दिव्यांग ई रिक्शा चालक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, तथा आरोपी को पुलिस ने गिराफ्तार कर पूछतांछ में जुटी है।

गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान पवन रावत (26) निवासी गदियाना, थाना मोहनलालगंज के रूप में हुई है। पवन दोनो पैरों से विकलांग था। ऑटो चलाकर परिवार का पेट भरता था। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक और आरोपी ही गांव का रहने वाले परिचित है। आरोपी मोहित रावत ने मृतक से बेटी की शादी के लिए 50 हजार रुपये उधार लिए थे। जब भी वह मांगता उसे बेज्जती महसूस हों रही थी। सोमवार के पवन ने जब फिर पैसा मांगा। जिसे देने के नाम पर उसी की ई रिक्शा में बैठ गया और गोसाईंगंज चलने के लिए बोला। मृतक पवन ने आरोपी मोहित को अपनी ई रिक्शा में बिठा कर गोसाईंगंज की ओर जा रहा था। तभी आरोपी ने गोसाईंगंज के उम्मेद खेडा गांव के पास पीछे से गला रेत दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से घटना में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### डेढ़ महीने पहले लिया था ई रिक्शा

मृतक पवन की माता शिवरानी ने बताया- बेटे ने डेढ़ महीने पहले ऑटो खरीदा था। वह दिव्यांग होने के बावजूद घर का पूरा खर्च उठाता था। वह घर के खर्च के लिए बहुत मेहनत कर रहा था। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उससे बड़े भाई संतोष व राजकुमार है। हत्या करने के लिए पहले से चाकू लेकर आया था।

पुलिस ने आरोपी ने उसे मारने के लिए घर से चाकू लेकर आया था। लेकिन मृतक उसकी नियत को भाप नही पाया। उसने सूनसान देखकर गला रेत दिया।

# कमरे में लटका मिला शव

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के बलिया खेडा गांव में एक मजदूर का शव उसी के कमरे में गमछे के सहारे लटका मिला। सोमवार को पुलिस को जानकारी मिली तो उसे नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक मृतक रवीश कुमार ( 30 ) निवासी बलिया खेडा गोसाईंगंज मकानों की पुताई का काम करता था। पत्नी भी 15 दिनों से मायके में थी। वह घर पर अकेले था। कई दिनों से जब घर का दरवाजा न खुला और घर से आ रही गंध के बाद पुलिस का फोन किया। मौके पर पहंची पुलिस ने पूछतांछ शुरू की दरवाजा खोलकर अंदर गई तो देखा कि यह गमछे के सहारे लटका है। मृतक ने कम से कम तीन दिन पहले लटककर जान दी होगी। क्योंकि शव से बदबू आने लगी थी। जिसे उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# रेप कर बनाया वीडियो ज़ेवरात व नकदी एठी

**आर्यावर्त क्रांति ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 17 वर्षीय पीड़िता की मुलाकात अप्रैल 2024 में अपनी सहेली के माध्यम से हिमांशु तिवारी से हुई। दोनों में दोस्ती हो गई।

हिमांशु मोहनलालगंज के सोईवा, जैतीखेड़ा का रहने वाला है। आरोपी ने 20 अप्रैल 2024 को लड़की को नई बस्ती सरसवां अर्जुनगंज में बुलाया। वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पीड़िता से रेप किया और अश्लील फोटो खींच लिए।

इसके बाद आरोपी इन फोटो के जरिए पीड़िता को ब्लैकमेल करता रहा। अलग-अलग जगहों पर ले जाकर रेप करता रहा। मामला तब सामने आया जब 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी समारोह के लिए जेवरात निकालते समय लॉकर खाली मिला। पूछताछ में बेटी ने बताया कि हिमांशु ने ब्लैकमेल कर करीब 15 लाख रुपए के जेवरात और 50 हजार रुपए ले लिए। पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपी अब उनकी बेटी को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ति ने बताया कि थानेदार सुशान्त गोल्फ सिटी ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुये प्रार्थना पत्र दिया तो लेने से इंकार कर दिया। जब उच्चस्तरीय लोगों से शिकायत की तो मुकदमा लिखा गया।

## • संक्षेप •

### इलाज के दौरान कैदी की मौत

**लखनऊ।** जिला जेल लखनऊ में बंद विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पिछले एक सप्ताह से बलरामपुर अस्पताल में भर्ती था।जिसकीं हालत बिगड़ने पर ट्रामा के लिए रिफर किया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रंजीत (40) निवासी समुद्दीपुर थाना गाजीपुर लखनऊ के रहने वाले थे। जो मारपीट के आरोप में जेल में बंद थे। जिनकी पिछले एक सप्ताह से तबियत ज्यादा खराब थी जिन्हें इलाज के लिये जेल से बलरामपुर अस्पताल भेजा गया था। तबियत सीरियश होने के कारण ट्रामा रिफर किया गया था जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह मौत हो गई।

### शौर्य पदक की घोषणा पर चीफ़ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा लखनऊ सिविल डिफेंस के चीफ़ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा को शौर्य पदक प्रदान किए जाने की घोषणा के उपरांत सिविल डिफेंस चौक डिविजन के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निरालानगर गेस्ट हाउस में डिविजनल वार्डेन सुनील कुमार शुक्ला की ओर से आयोजित हुआ।समारोह में डिविजनल वार्डेन सुनील कुमार शुक्ला ने चीफ़ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जेएसओ सुमित मौर्या, डिप्टी चीफ़ वार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टाफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, एडीसी मुकेश कुमार, सहादतगंज डिविजनल वार्डेन हरीश चंद्र और राजाजीपुरम डिप्टी डिविजनल वार्डेन रामगोपाल सिंह सहित कई पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।इसके साथ ही डिप्टी डिविजनल वार्डेन जावेद जैदी, स्टाफ ऑफिसर संदीप अग्रवाल, पोस्ट वार्डेन मनोज तिवारी, जगदीश कुमार यादव, रितेश पटेल, शहीद अख़्तर, पुनीत अग्रवाल, अखिल सोधी, बलकृष्ण सक्सेना, धीरज व्यास, हरीश चंद यादव, नरेंद्र गुप्ता, सैय्यद फखरुल इमाम, गुलज़ारी लाल यादव और अवनीश दीक्षित समेत सैकड़ों वार्डेन उपस्थित रहे।

### लखनऊ के गोसाईगंज में चाकू से ऑटो चालक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। उन्मेदखेड़ा मोड़ के पास 26 वर्षीय ऑटो चालक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन–फानन में अधिकारी व फील्ड यूनिट मौके पर पहुंच गए।पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान पवन रावत पुत्र स्वर्गीय शिवराम निवासी गदियाना, थाना मोहनलालगंज लखनऊ के रूप में हुई है। पवन रोजाना की तरह सुबह ऑटो चलाने निकला था, तभी रास्ते में उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस को मौके पर मृतक के गले में गहरे घाव मिले, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।जांच के दौरान खुलासा हुआ कि हत्या मृतक के ही गांव के रहने वाले और उसके परिचित मोहित रावत पुत्र स्वर्गीय बंसीलाल (22) ने की है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी मोहित को घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही पकड़ लिया और उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया आलाकत्ल चाकू भी बरामद कर लिया। हत्या के पीछे के कारणों की जानकारी की जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने उनकी मौजूदगी में पंचायतनामा भरवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की, वहीं वरिष्ठ अधिकारी लगातार मामले की निगरानी कर रहे हैं।गोसाईगंज में हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### वजीरगंज पुलिस ने फरार चल रहे वारंट अभियुक्त अक्षय वाजपेई को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** थाना वजीरगंज पुलिस ने 1 सितंबर 2025 को फरार चल रहे वारंट अभियुक्त अक्षय वाजपेई को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय से निर्गत एनबीडब्ल्यू वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया।जानकारी के अनुसार, दिनांक 31 जुलाई 2025 को न्यायालय ने वाद संख्या 41867/2022, अ0सं0 148/20, धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया था। इसके बाद अभियुक्त अक्षय वाजपेई लगातार फरार रहा। थाना वजीरगंज पुलिस टीम ने न्यायालय के आदेश के अनुरूप उसे घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।अभियुक्त अक्षय वाजपेई की उम्र 36 वर्ष है और वह ताजीखाना, मशकगंज, थाना वजीरगंज, लखनऊ का निवासी है। अभियुक्त पर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला पंजीकृत है।गिरफ्तारी में थाना वजीरगंज की पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक सत्येन्द्र प्रताप सिंह (चौकी प्रभारी पाण्डेयगंज) और कांस्टेबल योगेश कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि वारंट अभियुक्त की गिरफ्तारी से संबंधित सभी कानूनी कार्रवाई जारी है।

### थाना नाका पुलिस ने शातिर टप्पेबाज को गिरफ्तार कर बरामद किए 2,500 रुपये

**लखनऊ।** थाना नाका पुलिस ने 31 अगस्त 2025 को त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहम्मद सलीम (50 वर्ष) को गिरफ्तार किया है, जो शातिर टप्पेबाजी के मामलों में शामिल था। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए 2,500 रुपये भी बरामद किए गए हैं। यह गिरफ्तारी 30 अगस्त को हुई घटना के संबंध में की गई।मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बताया कि एक शातिर टप्पेबाज ने रूपयों में खामी बताकर उन्हें गिनने के बहाने पैसे चुरा लिए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी मोहम्मद सलीम को ऐशबाग पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया और चोरी की राशि भी बरामद की गई।पूछताछ में मोहम्मद सलीम ने स्वीकार किया कि वह बैंक या पैसे के आदान–प्रदान वाले स्थानों पर जाकर भोली–भाली महिलाओं को बहला–फुसलाकर नोटों की गिनती के बहाने हाथ की चालाकी से पैसे चुराता था। अभियुक्त के खिलाफ थाना नाका हिण्डोला में धारा 303(2) और 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और उसकी अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।पुलिस के अनुसार मोहम्मद सलीम का आपराधिक इतिहास भी गंभीर है। वह पहले एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार हो चुका है ।

# पत्रकारपुरम्-चौराहे पर गणेश महोत्सव में राजेन्द्र चौधरी ने की पूजा-अर्चना, अखिलेश यादव की विजय की कामना



**आर्यावर्त संवाददाता**

**लखनऊ।** पत्रकारपुरम् चौराहा, गोमतीनगर में विगत 15 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे गणेश महोत्सव में इस वर्ष भी भव्य आयोजन हुआ। 31 अगस्त 2025 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से भगवान गणपति महाराज की पूजा-आरती कर प्रदेश की खुशहाली और अखिलेश यादव की सफलता के साथ-साथ 2027 के चुनाव में विजय की कामना की।गणेश महोत्सव में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विजयी प्रतिभागियों को राजेन्द्र चौधरी ने स्मृतिचिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लखनऊ की मेयर प्रत्याशी रही वंदना मिश्रा, प्रोफेसर रमेश दीक्षित, मधुकर त्रिवेदी, समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्र, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, मलिहाबाद से पूर्व प्रत्याशी सोनू कनौजिया, समाजवादी पार्टी के नेता नवीन धवन बंटी और आदर्श प्रकाश सिंह एडवोकेट भी मौजूद रहे।गणेश पूजा समिति की ओर से संरक्षक राम सागर यादव, अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद दुबे और महामंत्री मनीष गुप्ता ने राजेन्द्र चौधरी का स्वागत किया। उन्होंने जानकारी दी कि कोलकाता के विख्यात मूर्तिकार असीमाल्या द्वारा भगवान गणपति की भव्य प्रतिमा और आकर्षक पूजा द्वार तैयार किया गया है। गणपति जी की सुबह और रात्रि की आरती में हजारों की भीड़ उमड़ती है, जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी श्रद्धा और अनुशासन के साथ शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किया जाता है।पूरे महोत्सव की व्यवस्थाओं में सुजीत श्रीवास्तव, संजय शुक्ला, उपेन्द्र पाण्डेय, सर्वेश यादव, राम रतन सिंह, राजेश सोनी, रंगनाथ द्विवेदी, तारा भाटिया, दिव्यांशू सिंह, रेनू खन्ना, कमल साहू, विपिन शुक्ला, विनय, मनोज, निजेन्द्र, अभिजीत राय, अरुण शुक्ला, प्रदीप शर्मा, अनीता शर्मा, मनोज किशोर, गोलू तिवारी, डी.आर.एस. यादव, संतराम, संदीप सैनी, जयपाल यादव, कमल किशोर यादव, भगीरथ, विनय आर्यन, रोहित, अंशू, धर्मपाल, सहजराम, नीरज, अंजेश, प्रेमसागर सहित अनेक कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## मोहनलालगंज पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह मामला भूमि धोखाधड़ी का है, जिसमें फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से एक व्यक्ति की संपत्ति को अन्य के नाम पर पंजीकृत कराने का प्रयास किया गया था।जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता राजकुमार वर्मा और उनकी पत्नी मंजू वर्मा की कृषि योग्य भूमि ग्राम भदेसुवा, तहसील मोहनलालगंज में संयुक्त स्वामित्व में थी। उन्होंने बताया कि दिनांक 30 जुलाई 2009 और 7 अगस्त 2009 को उक्त भूमि का क्रय विक्रय विलेख उनके और श्रीमती मंजू वर्मा के नाम पंजीकृत किया गया था। इसके बावजूद दिनांक 9 नवंबर 2022 और 29 सितंबर 2023 को फर्जी व्यक्ति खड़ा कर कूटरचित दस्तावेज बनाकर उनकी संपत्ति को अन्य व्यक्तियों के नाम पंजीकृत करा दिया गया।

# डॉक्टर से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाले दो रेलवे कर्मचारी गिरफ्तार, कृष्णा नगर पुलिस ने किया खुलासा

**आर्यावर्त संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कृष्णानगर थाना क्षेत्र स्थित एमसीसी हॉस्पिटल के डॉक्टर से बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले का पुलिस ने सफल अनावरण कर लिया है। पुलिस ने इस घटना में शामिल दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्त रेलवे विभाग में तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं और उन्होंने डॉक्टर से पुरानी रंजिश के चलते यह साजिश रची थी।घटना 26 अगस्त की रात की है। उस समय एक ई-रिक्शा चालक अस्पताल के गार्ड को एक गुमनाम पत्र देकर चला गया। पत्र में डॉक्टर देवेश रजानी से बीस लाख रुपये की मांग की गई थी और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। डॉक्टर ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद थाना कृष्णानगर में मामला दर्ज कर जांच शुरू हुई।पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देश पर क्राइम टीम, सर्विलांस सेल दक्षिणी और थाना कृष्णानगर पुलिस की संयुक्त टीमों को लगाया गया। जांच के दौरान लगभग 300 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और तकनीकी व मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। बाद में ई-रिक्शा चालक ने भी पुष्टि की कि उसे पैसों का लालच देकर अस्पताल तक पत्र पहुंचाने को दिया गया था।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान उमेश कुमार मौर्य (33 वर्ष) और सुजीत कुमार लोधी (34 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों आलमबाग स्थित रेलवे ब्रिज वर्कशॉप में तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं। पूछताछ में उमेश मौर्य ने बताया कि मार्च 2025 में उसकी मां और पत्नी के इलाज को लेकर डॉक्टर देवेश रजानी से कहासुनी हो गई थी। इसी बात से नाराज होकर उसने सुजीत के साथ मिलकर डॉक्टर को डराने और पैसा वसूलने की योजना बनाई।उमेश मौर्य का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2015 में हत्या समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज हुआ था और वह चार साल जेल भी रह चुका है। आर्थिक संकट और कर्ज के दबाव के चलते उसने रंगदारी की योजना बनाई।दोनों अभियुक्तों को आलमबाग क्षेत्र के टेढ़ी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# बीबीएयू में आयोजित एमीनेंट लेक्चर : 'विदेशी भोजन की अपेक्षा स्वदेशी भोजन को बढ़ावा' पर विशेष व्याख्यान

**आर्यावर्त संवाददाता**



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में दिनांक 1 सितंबर को एमीनेंट लेक्चर व्याख्यानमाला के अंतर्गत कमेटी ऑफ एमीनेंट लेक्चर सीरीज और खाद्य एवं पोषण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'विदेशी भोजन की अपेक्षा स्वदेशी भोजन को बढ़ावा (Promote Swadeshi Food Over Videshi Food)' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा उपस्थित रहीं।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। विश्वविद्यालय कुलगीत गायन के पश्चात आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि और मंचासीन शिक्षकों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिखा तिवारी ने किया।कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि संतुलित और पौष्टिक आहार केवल शरीर ही नहीं बल्कि विचारों और मन को भी सकारात्मक बनाए रखता है। उन्होंने छात्रों और युवाओं को यह संदेश दिया कि हमें 'स्थानीय उपयोगी, स्वदेशी जरूरी और विदेशी मजबूरी' की विचारधारा अपनानी चाहिए। उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ी स्थानीय खानपान परंपराओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. मित्तल ने कहा कि स्वदेशी भोजन अपनाने से स्वास्थ्य की रक्षा के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाया जा सकता है, और यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी सहायक है।मुख्य अतिथि प्रो. सुनीता मिश्रा ने भारत में विदेशी खाद्य आउटलेट्स की बढ़ती संख्या और इसके युवाओं पर प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में देश में 1,200 विदेशी आउटलेट्स थे, जो 2024 में लगभग 7,500 तक पहुँच चुके हैं। शहरी क्षेत्रों में घर का बना भोजन पिछले एक दशक में 28% घट गया है। उन्होंने यह भी बताया कि विदेशी फूड ब्रांड्स युवाओं को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर विज्ञापन करते हैं, जिससे जंक फूड और अस्वास्थ्यकर भोजन की ओर प्रवृत्ति बढ़ती है। प्रो. मिश्रा ने बताया कि भारतीय भोजन संतुलित, पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक होता है, जिसमें प्रोटीन, विटामिन, फाइबर और मिनरल्स की पर्याप्त मात्रा होती है। दाल, चावल, रोटी, सब्ज़ियाँ, दही और मसालों का संतुलित संयोजन भारतीय भोजन को सम्पूर्ण बनाता है।कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से खाद्य एवं पोषण से संबंधित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय खाद्य उत्पादकों और स्वदेशी सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देना था। अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया, और प्रो. नीतू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।समस्त कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# न्याय होता हुआ दिखे : तारीख़ पर तारीख़ की संस्कृति बदले

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 75 वर्ष का गरिमामय सफर पूरा किया है। यह केवल एक ऐतिहासिक पड़ाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को परखने का अवसर भी है। न्यायपालिका ने इन आठ दशकों में अनेक युगांतरकारी फैसले दिये, जिन्होंने संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। किंतु आज सबसे बड़ी चुनौती न्याय में विलंब की है। समय पर न्याय न मिले तो न्याय का वास्तविक अर्थ ही खो जाता है। शायद यही कारण है कि न्यायिक बिरादरी के आयोजनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य न्यायाधीशों ने एक स्वर से कहा कि अब 'तारीख़ पर तारीख़' की संस्कृति को समाप्त करने का समय आ गया है। जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है।

सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मज़बूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ग़रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ़ कमज़ोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और क़ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीज़ों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है।

इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों बढ़ोतरी से पूरा समाज हिला हुआ है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि अपराधियों के मन से कानून का भय लगभग समाप्त हो चुका है। यही कारण है कि अब न केवल कठोर कानून बल्कि त्वरित और निष्पक्ष न्याय की मांग बलवती हो रही है। आज न्यायपालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती है-न्याय में विलंब। जिला अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक करोड़ों मामले लंबित हैं। केवल जिला अदालतों में ही साढ़े चार करोड़ से अधिक मामले अटके पड़े हैं। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती है, क्योंकि न्याय में विलंब, न्याय के इनकार के समान है। दरअसल, लंबित मामलों के पीछे कई कारण हैं-न्यायाधीशों की अपर्याप्त संख्या, अदालती प्रक्रियाओं की जटिलता, अनावश्यक स्थगन, वकीलों द्वारा मुकदमों को खींचना और पुलिस-प्रशासन की लापरवाही। यही वजह है कि अपराधियों के मन से कानून का भय कम होता जा रहा है और आम नागरिक का भरोसा डगमगाने लगता है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ जिला एवं स्थानीय अदालतें हैं। यदि इन स्तरों पर शीघ्र और सस्ता न्याय नहीं मिलेगा, तो सुप्रीम कोर्ट की उपलब्धियां अधूरी मानी जाएंगी। सर्वोच्च न्यायालय समय-समय पर स्वतः संज्ञान लेकर राहत देता रहा है-जैसे हाल ही में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनवाने की पहल। किंतु जिला स्तर पर ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई देती। इसलिए सुधार की असली शुरुआत निचले स्तर से ही करनी होगी।

# सब ऐंवे है! झूठ है, अवसरवाद है



15 अगस्त की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण पढ़ते चेहरा दिखलाई दिया। सोचें, देश के 140 करोड़ नागरिकों में से कितनों ने सुना, किनमें जोश भरा, कितनों को प्रेरित किया?

**हरिशंकर व्यास**

चाहें तो इसे नरेंद्र मोदी का पुण्य मानें या पाप जो उनके हाथों सभी का अर्थ, सभी की औकात खत्म है! फिर भले संसद हो, लाल किले पर प्रधानमंत्री के भाषण की रस्म हो या राष्ट्रपति-उप राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, कैबिनेट, मुख्यमंत्रियों के चेहरों या आरएसएस जैसे संगठनों, एनजीओ, देश की आर्थिक-विदेश-समारिक नीति का मामला हो या विश्व में भारत के अर्थ का। सब ऐंवे ही हो गए हैं। गुरूवार को संसद का सत्र खत्म हुआ। और सत्र से संसद का क्या मान बना? सोचें, याद करें 2014 में संसद और उसका काम कैसा था और अब क्या है? संसद का अब अर्थ केवल स्थगन, हंगामा है। सत्र महज एक रस्म है। कोई उत्पादकता नहीं। स्पीकर- सभापति की कुर्सी पर ओम बिड़ला हो या जगदीप धनखड़ क्या कोई अर्थवान, प्रतिभावान, अनुकरणीय है?

15 अगस्त की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण पढ़ते चेहरा दिखलाई दिया। सोचें, देश के 140 करोड़ नागरिकों में से कितनों ने सुना, किनमें जोश भरा, कितनों को प्रेरित किया? अगले दिन खुद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से भाषण दिया तो उससे जोश, प्रेरणा की बात तो छोड़े उसकी कितनी टीआरपी रही होगी? उसमें क्या नई बात थी? इस सत्य की गहराई जाननी हो तो याद करें 2014 के 15 अगस्त के दिन लाल किले पर, नरेंद्र मोदी के चेहरे, वाक्यों, टीआरपी के जोश और 2025 के 15 अगस्त के मोदी के भाषण को!

मोदी ने संघ को महान बताया! दस साल बाद नागपुर से आरएसएस लाल किले पहुंचा। इसलिए क्योंकि मोदी को अब आरएसएस की जरूरत है। पर आरएसएस के जाप से क्या मोहन भागवत एंड पार्टी जोश में आई होगी? क्या यह जमात भरोसा कर सकती है कि मोदी अब भारत को आत्मनिर्भर बना देंगे? मोदी-अमित शाह भाजपा को सत्ता की बेड़ियों से आजाद कर देंगे? संघ और भाजपा को भी ऐंवे ही, एक पुछल्ला बना देने के बाद वे आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर भाजपा, आत्मनिर्भर संघ की मैसेजिंग के संकल्प में काम करेंगे?

लाल किले से आत्मनिर्भर भारत और संघ को नमन वैसा ही छल, वैसा ही रस्मी और दिखावे की नौंटकी है, जिससे अब कुछ भी नहीं सध सकता। इसलिए पते का सत्य केवल एक है और वह यह कि नरेंद्र मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री अपने अर्थ को ग्यारह सालों में पूरी तरह गंवाया है न कि बनाया है!

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी किसी प्रधानमंत्री के साथ नहीं हुआ। हिंदी में धाराप्रवाह भाषण नहीं कर पाते एचडी देवगौड़ा तथा मनमोहन सिंह के लाल किले से भाषण को भी देश, समर्थक और विरोधी समभाव सुनते होते थे। प्रधानमंत्री के भले होने, किसान-देशज होने या समझदार या समभावी होने से मनोभावों में एक आदर, एक सम्मान था। फिर मनमोहन सिंह हों या अटल बिहारी वाजपेयी वे खुद लिख-देख-समझ अपनी बात कहते थे। शायद ही कभी किसी का यह प्रायोजन रहा हो कि लाल किले से झूठ के क्या-क्या नए नैरेटिव गढ़ने हैं। तभी कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों को भाजपा के वाजपेयी हों या आडवाणी तथा वाजपेयी के भाषण को मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी सभी लाल किले जा कर गंभीरता से सुनते थे। मीडिया में भाषण में मीनमेख निकालने व आलोचना की बेबाकी अलग होती थी।

उस नाते तब और अब के लाल किले के भाषण का फर्क अपने आप यह बताता है कि नरेंद्र मोदी ने केवल प्रधानमंत्री के पद को ही आभाहीन नहीं बनाया है, बल्कि पाप-पुण्य के निजी खाते में वह दर्ज कराया है, जिसका उन्हें खुद को भान नहीं है। इसलिए लाल किले से विपक्षी नेता नदारद थे और संसद के ताजा सत्र में प्रधानमंत्री के आने पर विपक्ष के खटकने वाला हो हल्ला था तो वह सब यही बताता है कि बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और भारत के बाहर कितना कुछ गंवाया है! और वह भारत का गंवाना भी है!

कल विदेश मंत्री जयशंकर से मालूम हुआ कि भारत ने तो अमेरिका के कहने से रूस से तेल खरीदा! यह एक वाक्य क्या दर्शाता है? क्या भारत का अपना विवेक नहीं है? इससे रूस और चीन में भारत की साख बनेगी? क्या डोनाल्ड ट्रंप की नाराजगी मिट जाएगी? क्या दुनिया को मालूम नहीं हो रहा है कि भारत की विदेश नीति लुढ़कता लोटा है? कभी इधर, कभी उधर! देश की रीति-नीति में न ईमान धर्म, पवित्रता व सत्यता है और न राष्ट्रहित की सर्वोच्चता! सब ऐंवे है! झूठ है, अवसरवाद है।

## अजब-गजब

# 7 .35 लाख सालाना फीस, 1 लाख एडमिशन चार्ज! Class-1 की School Fees देख उड़े लोगों के होश




सोशल मीडिया पर अक्सर निजी स्कूलों की बढ़ती फीस (School Fees) को लेकर पैरेंट्स अपनी शिकायतें पोस्ट करते रहते हैं। लेकिन Reddit पर अब जो फीस स्ट्रक्चर सामने आया है, उसे देखकर लोगों का दिमाग घूम गया है। रेडिट पोस्ट में बताया गया है कि कैसे आजकल स्कूल पहली क्लास में 6 साल के बच्चे की पढ़ाई के लिए एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के एनुअल पैकेज से भी ज्यादा फीस वसूल रहे हैं। इसके बाद से कमेंट सेक्शन में बहस छिड़ गई है।

वायरल हो रहे रेडिट पोस्ट के अनुसार, कर्नाटक के बेंगलुरु के एक नामी स्कूल में फर्स्ट क्लास में पढ़ने वाले छह साल के बच्चे के लिए सालाना फीस 7,35,000 रुपये है। यही नहीं, स्कूल में एडमिशन के लिए कदम रखते ही बच्चे के पैरेंट्स से 1 लाख रुपये का नॉन-रिफंडेबल चार्ज भी ले लिया जाता है। इस भारी-भरकम फीस स्ट्रक्चर को लेकर नेटिजन्स भड़के हुए हैं।

Reddit यूजर ने आगे लिखा, ये तो छोड़िए! किताबें, यूनिफॉर्म और ट्रांसपोर्ट के अलावा ये हर महीने 61,250 रुपये हो जाते हैं, जो ज्यादातर भारतीयों की साल भर की कमाई से भी ज्यादा है। इन स्कूलों ने पैरेंट्स को यकीन दिला दिया है कि घर के डाउन पेमेंट जितना पैसा खर्च करना उनके बच्चे के फ्यूचर के लिए कितना जरूरी है।

यूजर ने इस महंगे एजुकेशन सिस्टम को एक मार्केटिंग स्ट्रैटेजी बताया। उसने कहा, पहले आर्टिफिशियल अभाव पैदा किया जाता है। फिर इंटरनेशनल सिलेबस का टैग लगा दिया जाता है, और पैरेंट्स को लगता है कि वे अपने बच्चे में इन्वेस्ट कर रहे हैं। जबकि, हकीकत ये है कि वे सामाजिक शर्मिंदगी से बचने के लिए इतने पैसे खर्च करते हैं।

पोस्ट के अंत में यूजर ने लिखा, 'कुल मिलाकर हम ऐसी एजुकेशनल झुग्गियां बना रहे हैं, जहां सिर्फ बेहद अमीर लोग ही 6 साल की उम्र से क्वालिटी एजुकेशन का खर्च उठा सकते हैं। मैं इस बात पर यकीन नहीं करता कि इस हाईवे डकैती का कोई शैक्षिक औचित्य है।' यह पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गई है। पोस्ट को अब तक 53 अपवोट्स मिल चुके हैं, और प्रतिक्रियाओं की झड़ी लग गई है।

एक यूजर ने कमेंट किया, एजुकेशन को धंधा बना दिया है। दूसरे ने कहा, फीस के नाम पर ये सरासर डकैती है। एक अन्य यूजर ने लिखा, ऐसे स्कूल इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य फैसिलिटी के लिए पैसे लेते हैं। अगर आपको दिक्कत है, तो कोई दूसरा स्कूल देख लो।

## ब्लॉग

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (01-07 सितम्बर) पर विशेष

# सुपोषित बनें और स्वस्थ व समृद्ध भारत का निर्माण करें, सही खानपान व जीवन शैली में बदलाव लाए जीवन में मुस्कान



**मुकेश कुमार शर्मा**



सुपोषित समाज ही स्वस्थ और समृद्ध भारत की बुनियाद को मजबूत बना सकता है। सुपोषण के लिए जरूरी है कि परिवार के हर व्यक्ति को सही और संतुलित आहार मिले। इसके साथ जीवन शैली को संयमित रखना भी बहुत जरूरी है। इसके प्रति समुदाय को जागरूक बनाने के लिए ही हर साल एक से सात सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, जिसका मकसद स्वस्थ भोजन और संयमित जीवन शैली को हर आयु वर्ग में बढ़ावा देना है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल इस सप्ताह की थीम-"बेहतर जीवन के लिए सही भोजन" तय की गयी है। पोषण सप्ताह की पहल देश में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी थी, जिसके तहत सप्ताह भर समुदाय में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सुपोषण के प्रति जागरूकता की अलख जगाई जाती है।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के दौरान समुदाय को स्थानीय खाद्य पदार्थों के बारे में भी जागरूक बनाना जरूरी है कि उनके खेतों और आस-पास मौजूद बहुत से अन्न, फल और सब्जियां किस तरह से पोषक तत्वों से भरपूर हैं। यह खाद्य पदार्थ कम कीमत और आसानी से उपलब्ध भी हैं, बस जरूरत है उनको अपनाने की क्योंकि सुपोषण का मतलब सिर्फ भरपेट भोजन से नहीं है बल्कि उसमें शामिल पोषक खाद्य तत्वों से है। शरीर को भरपूर ऊर्जा के लिए जहाँ कार्बोहाइड्रेट की जरूरत है वहीं मांसपेशियों की सलामती और वृद्धि के लिए प्रोटीन की भी पर्याप्त जरूरत शरीर को होती है। इसी तरह वसा, विटामिन, खनिज और पानी की भी आवश्यकता शरीर को होती है। यह जरूरत हर आयु वर्ग के लोगों को होती है। इन पोषक तत्वों के लिए मौसमी फलों और सब्जियों को प्राथमिकता देने की जरूरत है।

सरकार द्वारा लोगों को सुपोषित बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं, जैसे गर्भावस्था में सही खानपान के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शुरू की गयी है, जिसके तहत सीधे बैंक खाते में एक निर्धारित राशि भेजी जाती है। स्कूलों में बच्चों के लिए मिड डे मील की व्यवस्था की गयी है। बच्चों में सही पोषण की आदत शुरू से ही विकसित करने के लिए स्कूलों में पोषण वाटिका बनायीं गयी हैं, जिसके माध्यम से उन्हें पोषक तत्वों से भरपूर सब्जियों और फलों के बारे में विस्तार से समझाया जाता है। इसके अलावा बच्चों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी उनको शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही और पोषक भोजन के बारे में जागरूक किया जाता है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी गर्भवती और शिशुओं की सही देखभाल और खानपान के बारे में समुदाय को जागरुक करने के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। समुदाय स्तर पर गोदभराई और अन्नप्राशन दिवस आयोजित कर भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए सही खानपान के बारे में जागरूक किया जाता है। सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोग खुद से आगे आयें और स्वस्थ समाज बनाने में भागीदार बनें।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के दौरान जंक फ़ूड के नुकसान के बारे में भी विस्तार से बताया जाता है। यही जंक फ़ूड और अनियमित जीवन शैली आज मोटापा, कुपोषण समेत कई तरह की बीमारियों का प्रमुख कारण बन रहे हैं। मोटापे पर चिंता जताते हुए नियन्त्रण की बात प्रधानमंत्री खुद इसी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से कह चुके हैं। मोटापे से बचाव के लिए जरूरी है कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं और रोजाना कम से कम 30 मिनट तक शारीरिक व्यायाम करें। योग और ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। शरीर के वजन पर बराबर नजर रखें। ताजे मौसमी फलों और सब्जियों का नियमित सेवन करें। अधिक नमक, चीनी और वसायुक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से तौबा करने में ही सभी की भलाई है।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संतुलित आहार का महत्व और स्वास्थ्य में विटामिन और खनिज की महत्ता को समझाना बहुत जरूरी है। इसके अलावा पोषक तत्वों की कमी से निपटने के बारे में भी जागरूक करना जरूरी है। बच्चों और किशोरों को सुपोषित बनाना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि वही कल के देश के कर्णधार बनने वाले हैं। इसके साथ ही गर्भवती और बच्चे को स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषक आहार की उपयोगिता के बारे में भी बताना जरूरी है। इसमें समुदाय और परिवार के लोग भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा भोजन से पहले हाथों की सही स्वच्छता की अहमियत भी समझाई जानी चाहिए। बचपन से ही यदि यह अच्छी आदतें विकसित कर दी जाएँ तो वह जीवन में हमेशा-हमेशा के लिए बन जाती हैं। अंत में यह भी जानना जरूरी है कि सुबह के नाश्ते में प्रोटीन युक्त आहार जैसे- पनीर, दूध, दही, फल, मूंगफली आदि शामिल करें ताकि शरीर दिन भर उर्जावान और ताकतवर रहे। यह भूख को नियंत्रित करने में भी सहायक होता है और मांसपेशियों की वृद्धि में भी सहायक बनता है।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

# 6159 फोन कॉल, 315 मैसेज भी भेजे, नहीं मानी तो... लेडी कंडक्टर के प्यार में हुआ बावला, सनकी आशिक की करतूत जान पुलिस भी सन्न

**आर्यावर्त संवाददाता**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में एकतरफा प्यार में सिरफिरे युवक ने लेडी कंडक्टर को इस कदर परेशान किया कि उसे पुलिस से मदद मांगनी पड़ गई। युवक ने लेडी कंडक्टर को हजारों बार कॉल किया, सैकड़ों मैसेज भेजे और शादी का दबाव डालने लगा। जब महिला कंडक्टर ने उसकी बात नहीं मानी तो सिरफिरे ने कहा- मेरी बात मान ले नहीं तो एसिड फेंक दूंगा और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दूंगा।

सिरफिरे आशिक की धमकी से दहशत के साये में जीने को मजबूर पीड़ति ने फिर थाने जाकर मामला दर्ज करवाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



मामला चरखारी कोतवाली कस्बा क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाली युवती ने थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया- एक सिरफिरा युवक कुछ समय से लगातार फोन कॉल पर शादी करने का दबाब बनाया जा रहा है। बताया कि कि जब उसने शादी करने से इनकार कर दिया तो आरोपी ने एसिड अटैक करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी।

पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़ति ने बताया- सिरफिरे द्वारा 6159 बार फोन कॉल और 315 मैसेज करके शादी का दबाव बनाया गया। शादी करने से इनकार करने पर एसिड अटैक और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी गई। महोबा रोडवेज में तैनात युवती द्वारा शादी करने से इनकार करने से आक्रोशित हुए आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि शादी नहीं की तो जान से मार देगा।

चरखारी कस्बा के एक मोहल्ला की रहने वाली 30 वर्षीय युवती राज्य सड़क परिवहन निगम महोबा डिपो में कार्यरत है। आरोप है कि चरखारी का रहने वाला मुहम्मद रईस उसको प्रताड़ति कर रहा है। आरोपी ने पीड़ति को अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार फोन कर शादी के लिए दबाब बनाया जिसके डर से पीड़ति नौकरी नहीं कर पा रही है। आरोप है कि आरोपी रईस ने एक मोबाइल नंबर से 4387 व दूसरे नंबर से 1772 बार कॉल की और 315 बार मैसेज भेज कर शादी करने का दबाब बनाया।

### दहशत के साये में जीने को मजबूर युवती

आरोप है कि मैसेज में भी जान से मारने की धमकी देता है। वह उससे जबरन शादी करना चाहता है। ऐसा न करने पर उसके अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया में वायरल करने और समाज में बदनाम करने की धमकी देता है। आरोपी कानपुर में रहने वाली पीड़ति की बहन को भी फोन कॉल कर प्रताड़ति करता है। पीड़ति युवती ने बताया कि ड्यूटी के दौरान उसका बैग छीनकर जेल भिजवाने और पिता को मेरी कहीं और शादी करने पर एसिड अटैक करने की धमकी दे रहा है। सिरफिरे की धमकी से दहशत के साये में जीने को मजबूर पीड़ति अब नौकरी करने से भी डर रही है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुंसगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनपद में पत्रकार-भवन बनाने की मांग



**आर्यावर्त संवाददाता**

**मीरजापुर।** लोकहित से जुड़े विषयों के सन्दर्भ में स्थानीय पत्रकारों की एक बैठक पीटीआई के संवाददाता संतोष कुमार श्रीवास्तव के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें विविध मांगों को लेकर 2 सितंबर को साढ़े 11 बजे जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। प्रमुख मांगों में विंध्य कॉरिडोर का सीमा-विस्तार किया जाए तथा नगर के तारकेश्वर महादेव मंदिर, बूढ़ेनाथ मंदिर एवं लोहन्दी मंदिर से जिगना क्षेत्र के बदेवरा नाथ तक सीमा निर्धारित करने, रजिस्ट्रार, सोसाइटी फर्म्स एंड चिट फंड का दफ्तर मीरजापुर में खोले जाने के शासनादेश का पालन करने एवं उक्त कार्यालय को स्थान देने की मांग के साथ हर तीन माह के दौरान जिला प्रशासन द्वारा पत्रकार-वार्ता करने की मांग शामिल है। इससे विकास कार्यों में गुणवत्ता आदि की जानकारी प्रशासन को प्राप्त होगी।इसके अतिरिक्त मंडलीय अस्पताल के सभी वार्डों में एयरकंडीशनर जाने की मांग भी शामिल जाए है। ताकि गर्मी से मरीज परेशान न हो।

बैठक में सलिल पाण्डेय, प्रभात मिश्र, मनोज शुक्ल, शिवशंकर उपाध्याय, अजय शंकर गुप्ता, राकेश दुबे, महेश रावत, राजकुमार उपाध्याय, विश्वजीत दुबे, रोहित गुरु त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, नितिन अवस्थी, रवींद्र जायसवाल, विकास तिवारी, शिव भोला सिंह, भोलानाथ साहू, घनश्याम ओझा, रामलाल साहनी एवं संतोष गिरि, श्रीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन में किन्नरों का तांडव, रोकने आए आरपीएफ इंस्पेक्टर को दौड़ाया... की मारपीट

**आर्यावर्त संवाददाता**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया रेलवे स्टेशन पर कुछ किन्नरों ने जमकर हंगामा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो रविवार रात का है, जब देवरिया रेलवे स्टेशन पर किन्नरों ने ट्रेन में हाईवोल्टेज ड्रामा करते हुए एक आरपीएफ इंस्पेक्टर पर हमला बोल दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ट्रेन में चेकिंग कर रहे थे। तभी ये हंगामा हुआ।

चेकिंग के दौरान आरपीएफ इंस्पेक्टर को किसी ने बताया कि किन्नर यात्रियों को परेशान कर रहे हैं, जिसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। उन्होंने किन्नरों को ऐसा करने से मना किया और कहा कि अगर आप बात नहीं मानते हैं तो एक्शन लिया जाएगा। इस बात पर किन्नर उग्र हो गए और उनसे कहासुनी करने लगे। कहासुनी के बाद वह मारपीट पर उतारू हो गए



और हाथों में डंडा लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर पर हमला कर दिया।

इस घटना से रेलवे स्टेशन परिसर पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया और मामले को शांत कराने की कोशिश की। वहां मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में किन्नर आरपीएफ इंस्पेक्टर के पीछे दौड़ते नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक किन्नर यात्रियों से अवैध वसूली कर रहे थे, जो यात्री पैसे नहीं दे रहे थे। उन यात्रियों को वह परेशान कर रहे थे। इसके लिए जब आरपीएफ इंस्पेक्टर ने मना किया तो उनके साथ बहस शुरू कर दी।

### दो किन्नरों को हिरासत में लिया गया

इस दौरान शिकायत करने पर पहुंचे आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद ने किन्नरों को समझाते हुए कहा कि यात्रियों को परेशान मत करो, जिस पर ये दबंग किन्नर बिफर पड़े और जमकर कहासुनी करने लगे। इसके बाद देखते ही देखते इन किन्नरों ने इंस्पेक्टर पर हमला बोल दिया और प्लेटफार्म पर हाथों में डंडा लेकर उन्हें दौड़ा लिया। किन्नरों पर आरपीएफ इंस्पेक्टर के साथ मारपीट करने का भी आरोप लगा है। इसके बाद आरपीएफ टीम ने किसी तरह मामले को शांत कराया और दो किन्नरों को हिरासत में लिया। इस घटना को लेकर आरपीएफ टीम जांच पड़ताल में जुट गई है।

### प्रेमी ने की थी युवती की हत्या, मुठभेड में आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या।** थाना कैंट क्षेत्र में युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि युवती की हत्या उसके प्रेमी राजू यादव ने की थी, जबकि परिजनों ने शुरू में आलोक निषाद पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।

आलोक से युवती का विवाह तय किया गया था, लेकिन राजू यादव लगातार विवाह के लिए दबाव बना रहा था। सर्विलांस सेल और थाना कैंट पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी राजू यादव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर मृतका का मोबाइल भी बरामद हुआ। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गिट्टी-सरिया चढ़ाने का काम करता है और मृतका से कई महीनों से उसकी बातचीत होती थी। शादी को लेकर दबाव बनाने पर युवती ने मना कर दिया।

# नोएडा-ग्रेनो को मिलेंगी 10 मिनी बसें, इन रूटों पर दौड़ेंगी, 2 करोड़ लोगों को होगा फायदा

**आर्यावर्त संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर के नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अब जल्द ही मिनी बसें दौड़ती नजर आएंगी। नोएडा शहर को इसी महीने 10 मिनी बसें मिलने वाली हैं। ये मिनी बसें शहर के 10 रूटों पर चलेंगी। ये बसें जिन रूटों पर चलेंगी उनका निर्धारण किया जा चुका है। इन 10 मिनी बसों के चलने से शहर और गांवों की कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलेगी।

उत्तर प्रदेश परिवाहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इसी महीने में ही 10 मिनी बसें निगम को मिलने जा रही हैं। शहर में कनेक्टिविटी को और बेहतर करने के मकसद के साथ ये मिनी बसें लाई जा रही हैं, ताकि लास्ट माइल तक कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा सके। इन 10 मिनी बसों के चलने से जिले की करीब दो करोड़



की आबादी को फायदा मिलेगा। मिनी बसों के लिए रूटों का निर्धारण किया जा चुका है।

### इन रूटों पर चलेंगी मिनी बसें

ये 10 मिनी बसें नोएडा-ग्रेटर नोएडा-रुबुरपूरा-झांझर-रन्हैरा, नोएडा-ग्रेटर नोएडा-जेवर कट-जहांगीरपुर-लौदाना, नोएडा-ग्रेटर नोएडा-परिचौक-जेवर-बिलासपुर-दनकौर-झाझर, नोएडा-ग्रेटर नोएडा-परिचौक-जेवर-झुप्पा, नोएडा-परिचौक-रबुपुरा-तिर्थली-कौली-गोविंदगढ़-कोठरा-झुप्पा, नोएडा-खेड़मोड़-तकीपुर-अनवरपुर-चांदपुर-मोहद्दीनपुर, नोएडा-सुरजपुर-दादरी-महावर, नोएडा-बदौली-सुरजपुर-दादरी-कलौंदा, नोएडा-डेहरा-झाल और नोएडा-छायसा तक संचालित की जाएंगी।

### लास्ट माइल कनेक्टिविटी न होने के कारण लोगों की जेबों पर असर

बता दें कि लास्ट माइल कनेक्टिविटी न होने के कारण ही ग्रामीण इलाकों के लोग विशेषतौर पर या तो प्राइवेट वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा उनकी निर्भरता ऑनलाइन कैब, बाइक और टैक्सी चालकों पर होती है। ये सब ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए महंगे होते हैं। इसका सीधा असर लोगों की जेबों पर दिखाई देता है। हालांकि इनमें से कुछ रूटों पर निगम अपनी बसें चलाता था। गौरतलब है कि यूपी में कई जिलों में मिनी बसें चल रही हैं।

# मॉनसून गन्ना बुआई का शुभारम्भ : डा आर पी शाही

**आर्यावर्त संवाददाता**

**उतरौला( बलरामपुर)।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल लि0-इकाई-इटईमैदा,उतरौला,बलरामपुर के महाप्रबंधक (गन्ना) डा0 आर0पी0शाही एवं गन्ना बिकास परिषद,उतरौला के ज्येष्ठ गन्ना बिकास निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, सहकारी गन्ना बिकास समिति के अध्यक्ष तोताराम वर्मा एवं सदस्य संचालक मंडल की गरिमामयी उपस्थित में गन्ना टीम के सदस्य सन्तोष कुमार मिश्रा, बरिष्ठ प्रबन्धक गन्ना, बिजय कुमार पांडेय अपर प्रबन्धक (गन्ना) एवं आई0जी0चौधरी सहायक प्रबन्धक(गन्ना) के द्वारा कृषक रमेश चन्द्र दूबे पुत्र जगदीश प्रसाद दूबे,ग्राम दौलताबाद के प्लॉट पर उन्नतिशील गन्ना प्रजाति को0लख0-14201 की बुआई श्री गणेश कराकर मॉनसून बुआई अभियान का शुभारंभ किया गया। वैज्ञानिक एवं तकनीकी बुआई बिधि से बुवाई कराते हुए मृदा एवं बीज उपचार भी कराया गया। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला नरेंद्र सिंह द्वारा कृषकों को गन्ने की खेती से अधिकाधिक उत्पादन, उत्पादकता, लाभदेयता एवं टिकाऊ खेती के बारे में जानकारी दी गई । अग्रेतर उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कम क्षेत्रफल मे ही अधिकतम उत्पादन प्राप्त कर लाभ अर्जित करना है,तो सभी किसानो को उन्नतिशील गन्ना प्रजातियो को एवं उन्नत बुआई पद्धतियों को अपनाना ही होगा।डा0शाही ने कृषको से ज्यादा उत्पादन एवं प्रति ईकाई क्षेत्रफल से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए मॉनसून/शरदकालीन गन्ना बुआई सह फसलो के साथ-साथ उन्नत बुआई तकनीक का प्रयोग करके करने और अधिकतम लाभ अर्जित करने की अपील करते हुए, गन्ना कृषको को मॉनसून/शरदकालीन गन्ना बुआई के लाभों से परिचित कराया।

# पहले मेट्रो में महिला से पूछा पता, फिर कर डाली अश्लील हरकत... पुलिस ने दबोचा

**आर्यावर्त संवाददाता**

**नोएडा।** ब्लू लाइन मेट्रो में महिला से अशलील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। महिला से अश्लील हरकत नोएडा सेक्टर-15 और 18 स्टेशन के बीच ब्लू लाइन मेट्रो में की गई। जब महिला ने शोर मचाया तो दूसरे यात्रियों ने आरोपी को पकड़ा। महिला से मेट्रो में अश्लील हरकत करने वाले आरोपी का नाम शिव कुमार गुप्ता है।

आरोपी सेक्टर-99 का रहने वाला है। वो नोएडा की फैक्टरी में नौकरी करता है। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। ब्लू लाइन मेट्रों में महिला से अशलील हरकत की ये घटना 26 अगस्त की बताई जा रही है।

### पुलिस ने इन धाराओं में मामला किया दर्ज

महिला ने अपने साथ हुई इस



घटना के बाद नोएडा सेक्टर-20 थाने में शिकायत दर्ज कराई। सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा यौन उत्पीड़न और सम्मान को ठेस पहुंचाने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता दिल्ली के वसुंधरा एनक्लेव में रहती है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वो गुरुग्राम की एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती है। 26 अगस्त को मेट्रो में यात्रा कर रही थी। उसी दौरान आरोपी ने सेक्टर-15 में उससे सेक्टर-18 में उतरने की बात पूछी। इसके बाद आरोपी उसके पीछे खड़ा हो गया। महिला ने आरोप लगाया कि इसके बाद शिव कुमार गुप्ता उससे अश्लील हरकत करने लगा।

### यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

इसके बाद महिला ने शोर मचाया, जिससे मेट्रों में मौजूद यात्रियों ने उसे पकड़ लिया। मेट्रो कैमरों से लैस होती है। मेट्रो सुरक्षा के लिहाज से भी सुरक्षित मानी जाती है, लेकिन इस तरह की घटना से यात्रियों खासकर कॉलेज की छात्राओं और जॉब करने वाली महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव

**अयोध्या।** बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता जी के विषय में अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के नेतृत्व में नारे लिखी तख्तियां हाथों में लिए नरेन्द्रालय से जुलूस की शक्ल में निकलीं और कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पहुंचकर घेराव किया। इस दौरान महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के गौरव हैं। उनकी माता जी के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी न केवल निंदनीय है बल्कि समाज की संस्कृति के खिलाफ भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह मानसिकता जनता देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब जनता जरूर देगी।

# मिलावटी शराब बिक्री स्वीकार्य नही, संज्ञान में आने पर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

**आर्यावर्त संवाददाता**

**मीरजापुर।** जनपद में अवैध नकली व मिलावटी शराब एवं अन्य मादक पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सोमवार को आबकारी विभाग के अधिकारियों व जनपद के शराब विक्रेता अनुज्ञापियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि फुटकर व थोक सभी शराब की लाइसेंसी दुकानों पॉस मशीन शत प्रतिशत लगाकर शराब की बिक्री की जाए। जिला आबकारी अधिकारी इस हेतु दुकानों का निरीक्षण कर शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लाइसेंसी दुकानदार अपने निर्धारित समय सीमा के अन्दर ही दुकानों को खोलकर बिक्री करें। समस सीमा के बाद यदि कहीं अन्य स्थानों से शराब बिक्री की सूचना मिलती है सम्बन्धित के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से लोगो के मरने की सम्भावना न हो इसके दृष्टिगत जनपद में कहीं भी अवैध नकली/मिलावटी शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए यदि कहीं किसी अनुज्ञापी के भी संज्ञान मे आए तो वह जिला आबकारी अधिकारी को सूचना दे ताकि उसके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए रोक लगाई जा सकें। किसी अनुज्ञापी के द्वारा लाइसेंसी दुकानों से अवैध रूप से व नकली ब्राण्ड के शराब की बिक्री नही किया जाए। ऐसी शिकायते प्राप्त होने पर भी सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न वाहनों/टैंकरो से किसी अन्य प्रदेश/जनपद से आपूर्ति कहीं अन्य के लिए किए जाने पर यदि वह वाहन जनपद से होकर निकलता है।

# जहां कभी था मुख्तार अंसारी का कब्जा... लखनऊ के उस पॉश इलाके में बन रही सोसायटी, 10 लाख से भी कम कीमत के फ्लैट्स

**आर्यावर्त संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण डालीबाग में निर्मित किये जा रहे 72 ईडब्ल्यूएस भवनों का पंजीकरण इसी महीने खोल दिया जाएगा। माफिया मुख्तार अंसारी के डालीबाग बंगले को ध्वस्त करने के बाद उस पर मकानों को बनाया गया है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया है। एलडीए के अपार्टमेंट्स के बकायेदार आवंटियों की सूची तैयार कराई गई है, जिसमें डिफाल्टर पाये गये 338 आवंटियों का आवंटन निरस्त किया जाएगा।

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि हजरतगंज के डालीबाग मोहल्ले में 5.150 करोड़ रुपये की लागत से 2,314 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 72 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। ये भवन लगभग 24.72 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे।



उन्होंने बताया कि इन ईडब्ल्यूएस भवनों का पंजीकरण इसी महीने में खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बताया- फ्लैटों के बकायेदारों का आवंटन निरस्त होगा। जिनका भी बकाया रह गया है उन सभी का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

इसके लिए डिफाल्टर आवंटियों की सूची तैयार करायी गई है। प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में निर्मित अपार्टमेंट्स के ऐसे 338 आवंटी हैं, जिन्होंने फ्लैट का पूरा पैसा जमा नहीं किया है, इनमें से कुछ आवंटियों ने महज 40 प्रतिशत रकम ही जमा की है और शेष धनराशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश आवंटियों को प्राधिकरण की तरफ से बकाये की नोटिस भी भेजी जा चुकी है। अब इन बकायेदार आवंटियों को अंतिम नोटिस जारी करते हुए फ्लैटों का आवंटन निरस्त किया जाएगा, जिसके बाद फ्लैटों को नियमानुसार पहले आओ-पहले पाओ योजना एवं ई-ऑक्शन के माध्यम से विक्रय किया जाएगा।

एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया- माफिया मुख्तार अंसारी के कब्जे में पड़ी जमीनों पर अब सरकार की तरफ से हाउसिंग प्रोजेक्ट खड़ा किया गया है। सरकार की तरफ से तैयारी है कि इस फेस्टिव सीजन तक इस योजना को लोगों के लिए खोली जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर काम आने वाले 15 दिनों में शुरू कर दिया जाएगा। लखनऊ की पॉश कॉलोनी डॉलीबाग इलाके में 72 फ्लैट्स की योजना तैयार की गई है। दशहरा या दीपावली तक इसे खोले जाने की तैयारी है।

### कितनी कीमत हो सकती है इन फ्लैट्स की?

इस पॉश इलाके में मिलने वाले फ्लैट्स के लिए रजिस्ट्रेशन के बाद लॉटरी के जरिए अलॉटमेंट किया जाएगा।ग्राउंड फ्लस थ्री कैटेगरी के ये फ्लैट 360 वर्ग फीट क्षेत्रफल के होंगे। इन फ्लैट्स की कीमत नौ से साढ़े नौ लाख रुपये तक हो सकती है। ये फ्लैट्स इसलिए भी बेहद खास हैं, क्योंकि यहां पर 20 मीटर चौड़ी सड़कें हैं। ये सड़कें हैदर कैनाल बंधे पर हैं। ऐसे में इन फ्लैट्स तक पहुंचने के लिए दो सॉर्सों की सुविधा है। जिसमें से पहला मुख्य डालीबाग रोड से होता हुआ आता है और दूसरा बंधा रोड से गुजरकर आता है।

### कितनी इनकम वाले कर सकते हैं अप्लाई?

इस स्कीम के लिए ऐसे लोग अप्लाई कर सकेंगे, जिनकी एक साल की इनकम तीन लाख रुपये है। ये योजना खासतौर पर EWS श्रेणी के लोगों के लिए मुहैया कराई गई है। यानी इस स्कीम का लाभ उठाने के लिए कैटगरी ईडब्ल्यूएस होनी चाहिए। इसके अलावा जिनके इस शहर में घर हैं वो यहां पर अप्लाई नहीं कर सकेंगे। यहां पर जिसके पहले से खुद के घर हैं वो इस स्कीम के लिए अप्लाई नहीं कर सकेंगे। साथ ही जो भी इसके लिए अप्लाई करेंगे, उन्हें घर न होने का शपथ पत्र भी देना पड़ेगा।

# राम स्वरूप यूनिवर्सिटी में छात्रों और पुलिस के बीच झड़प



**आर्यावर्त संवाददाता**

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर स्थित राम स्वरूप यूनिवर्सिटी में छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई। एलएलबी कोर्स की मान्यता को लेकर विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन चल रहा था। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और छात्रों के बीच नोक झोंक शुरू हो गई। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। 'पुलिस की कार्रवाई में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने महिला छात्राओं पर भी लाठियां बरसाईं। विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ छात्र संगठनों में रोष है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।'

# महिलाओं में क्यों बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर के मामले? जानें क्या हैं इसके पीछे के प्रमुख कारण

सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है। हाल के वर्षों में भारत में भी इसके मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। इस बीमारी का सबसे प्रमुख कारण ह्यूमन पेपिलोमावायरस नामक वायरस है, जो सामान्यतौर पर यौन संबंध के माध्यम से फैलता है। हालांकि, एचपीवी ही एकमात्र कारण नहीं है। हमारी जीवनशैली, सामाजिक और आर्थिक कारण भी इस बीमारी के जोखिम को बढ़ाते हैं।

इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है क्योंकि अगर इस बीमारी का शुरुआती दौर में पता चल जाए, तो इसका पूरी तरह से इलाज किया जा सकता है। दुर्भाग्य से जागरूकता की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण, कई मामलों का पता बहुत देर से चलता है। आइए इस लेख में हम कुछ प्रमुख कारणों के बारे में जानते हैं, जिनकी वजह से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं।



### ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण

सर्वाइकल कैंसर का सबसे बड़ा कारण एचपीवी है। यह एक बहुत ही सामान्य यौन संचारित संक्रमण है। एचपीवी के कई प्रकार होते हैं, जिनमें से कुछ विशेष प्रकार (जैसे HPV 16 और 18) कैंसर का कारण बन सकते हैं। इन वायरस से बचाव के लिए, लड़कियों को कम उम्र में एचपीवी वैक्सीन लगवाने की सलाह दी जाती है। यह टीका इस कैंसर को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है।

### खराब स्वच्छता और कम उम्र में विवाह

पर्सनल हाइजीन की कमी सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकती है। इसके अलावा, कम उम्र में विवाह और कम उम्र में ही यौन संबंध शुरू होने से भी ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, जिससे सर्वाइकल कैंसर का जोखिम भी बढ़ जाता है।

### कई यौन साथियों के साथ संबंध

कई यौन साथियों के साथ संबंध बनाना या ऐसे पार्टनर के साथ संबंध बनाना जिनके कई यौन साथी हों, एचपीवी संक्रमण और सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को बहुत बढ़ा देता है। सुरक्षित यौन संबंध और एक ही साथी के साथ संबंध इस खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं।

### जागरूकता और स्क्रीनिंग की कमी

सर्वाइकल कैंसर का इलाज शुरुआती चरण में पूरी तरह से संभव है। लेकिन भारत में कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं में इस बीमारी के लक्षणों और रोकथाम के तरीकों के बारे में जागरूकता की कमी है। इसके अलावा, पैप टेस्ट जैसी नियमित स्क्रीनिंग की कमी भी एक प्रमुख कारण है, जिससे बीमारी का पता बहुत देर से चलता है।

## सामान्य लक्षण

### पीरियड्स में बदलाव

पीरियड्स के बीच, रिलेशन के बाद, मेनोपॉज के बाद या लंबे समय तक भारी मासिक रक्तस्राव होने पर सावधान रहें। अगर पीरियड्स पहले से ज्यादा लंबा या भारी हो जाए, तो इसे भी नजरअंदाज न करें।

### योनि स्त्रव में बदलाव

अगर योनि स्राव पानी जैसा, भारी और बदबूदार हो जाए, तो यह शुरुआती संकेत हो सकता है। कभी-कभी स्राव में खून भी दिख सकता है।

### फिजिकल रिलेशन के दौरान दर्द

कैंसर या ट्यूमर की वजह से दर्द हो सकता है। लेकिन दर्द का मतलब हमेशा कैंसर नहीं होता। संक्रमण, सूजन या अन्य हल्की समस्याएं भी इसका कारण हो सकती हैं।

### पीठ और पेल्विक दर्द

यह अक्सर एडवांस स्टेज में दिखाई देता है, लेकिन अगर लगातार दर्द के साथ अन्य लक्षण भी दिखें, तो डॉक्टर से तुरंत मिलें।

### तेजी से वजन घटना और भूख कम होना

अगर बिना कारण वजन कम हो या भूख कम लगे, तो यह किसी भी प्रकार के कैंसर का संकेत हो सकता है।

### थकान

अगर सामान्य आराम से थकान नहीं जाती और बहुत कमजोर या ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं, तो इसे गंभीर लक्षण माना जा सकता है, खासकर अगर अन्य लक्षण भी हों।



### पैर में दर्द

सर्वाइकल कैंसर लिंफ नोड्स तक फैल सकता है या लिंफ फ्लूड को रोक सकता है। इससे पैर में सूजन या दर्द हो सकता है।

किन कारणों से होता है सर्वाइकल कैंसर

### एचपीवी इंफेक्शन

लगभग सभी सर्वाइकल कैंसर के मामलों में एचपीवी जिम्मेदार होता है। वैक्सीन लेने से इसे रोका जा सकता है।

### एचआईवी

कमजोर इम्यून सिस्टम के कारण एचआईवी वाली महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का खतरा अधिक होता है।

एचपीवी वैक्सीन 11-12 साल की उम्र में और 26 साल तक के युवाओं को दी जाती है। यह सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

सावधानी और समय पर जांच से सर्वाइकल कैंसर के गंभीर परिणामों को रोका जा सकता है। अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखें, तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें।

## इस तरह रखें सफाई

. पीरियड्स के दौरान पैड्स, टैंपून्स या मैन्स्ट्रुअल कप्स को हर 4-6 घंटे में बदलें।
. सेनिटरी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के बाद हाथों को पानी और साबुन से अच्छे से साफ करें।
. पैरिनियल एरिया को पानी से अच्छे से साफ करें और सुखाएं।
. पीरियड्स में कपड़ों के बजाय पैड्स इस्तेमाल करें।
. शारीरिक संबंध के बाद साफ-सफाई का ध्यान रखें।
. रोजाना भी अपने जेनिटल एरिया की सफाई करते रहें।

# कैल्शियम सिर्फ हड्डियों के लिए ही नहीं मांसपेशियों के लिए भी जरूरी, इसकी कमी बढ़ा देगी समस्या

**कैल्शियम की कमी का असर हड्डियों में कमजोरी के साथ आपकी मांसपेशियों पर भी दिखता है। जिन लोगों में कैल्शियम कम होता है वो कमजोरी, जल्दी थकान, मांसपेशियों में खिंचाव, हाथ-पैरों में झुनझुनी या ऐंठन जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं।**

जब भी हम कैल्शियम का नाम सुनते हैं तो सबसे पहले दिमाग में हड्डियों और दांतों की मजबूती आती है। हमें बचपन से यही सिखाया गया है कि कैल्शियम का मतलब है मजबूत हड्डियां। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कैल्शियम सिर्फ हड्डियों तक ही सीमित नहीं है? शोध बताते हैं कि यह खनिज हमारी मांसपेशियों, नसों और दिल की कार्यप्रणाली के लिए भी उतना ही जरूरी है।

कैल्शियम हमारे शरीर में सबसे ज्यादा पाया जाने वाला खनिज है। लगभग 99% कैल्शियम हड्डियों और दांतों में मौजूद होता है। कैल्शियम हमारी मांसपेशियों को सिकोड़ने और ढीला करने, दिल की धड़कन को सामान्य रखने और नसों के जरिए दिमाग से संदेश पहुंचाने जैसे अहम भी काम करता है। अगर इसकी कमी हो जाए तो शरीर में कई तरह की दिक्कतें बढ़ने लगती हैं। क्या आप आहार के माध्यम से कैल्शियम की पूर्ति ठीक से कम रहे हैं?

### कैल्शियम की कमी का सेहत पर असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि कैल्शियम की कमी का असर हड्डियों में कमजोरी के साथ आपकी मांसपेशियों पर भी दिखता है। जिन लोगों में कैल्शियम कम होता है वो कमजोरी, जल्दी थकान, मांसपेशियों में खिंचाव, हाथ-पैरों में झुनझुनी या ऐंठन जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। लंबे समय तक कमी रहने से ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों के कमजोर होने, दिल की धड़कन में अनियमितता और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं का भी जोखिम बढ़ जाता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन कुमार कहते हैं, कैल्शियम की कमी का असर सिर्फ हड्डियों पर ही नहीं पड़ता है, इससे मांसपेशियों में भी अकड़न आ सकती है।

कैल्शियम हमारे शरीर के लिए अहम मिनरल है। हमारे कई मसल्स फंक्शन जैसे मसल्स कॉन्ट्रेक्शन, तंत्रिकाओं से सिग्नल ट्रांसमिशन आदि में कैल्शियम अहम भूमिका निभाता है। अगर हमारे शरीर में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम न हो, तो ब्लड क्लॉटिंग की जटिल प्रक्रिया भी बाधित हो सकती है।

### मांसपेशियों की समस्याएं

कैल्शियम मांसपेशियों के संकुचन और उन्हें आराम देने के लिए भी आवश्यक है। जब शरीर में कैल्शियम की कमी होने लगती है, तो मांसपेशियां अपने आप सिकुड़ने लगती है नतीजतन, मांसपेशियों में अकड़न, पैरों में दर्द जैसी कई समस्याएं पैदा हो जाती हैं। विशेषज्ञों की मानें, तो कैल्शियम की कमी की वजह से पीठ में भी दर्द बढ़ने लगता है। शरीर में कैल्शियम की कमी को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

डॉ. नितिन कुमार कहते हैं, शरीर सही ढंग से काम करे इसके लिए कैल्शियम बहुत जरूरी है। इसके अलावा नियमित रूप विटामिन-डी का भी सेवन करें। खान-पान में बदलाव करें। रेगुलर वर्कआउट भी उपयोगी साबित हो सकता है।

### कैल्शियम की कमी से होने वाली अन्य दिक्कतें

लंबे समय तक बनी रहने वाली कैल्शियम की कमी का शररी पर कई तरह से असर हो सकता है।

कैल्शियम की कमी से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। इसमें हल्के झटके या गिरने पर भी फ्रैक्चर हो सकता है।

कैल्शियम दांतों की मजबूती के लिए भी जरूरी है। इसकी कमी से दांत कमजोर होते हैं, कैविटी और मसूड़ों की समस्या बढ़ती है।


कैल्शियम नसों के सिग्नल को पहुंचाने में मदद करता है। ऐसे में इसका कमी होने पर हाथ-पैरों में झुनझुनी, सुन्नपन या चुभन महसूस हो सकती है।

कैल्शियम की कमी वाले लोगों की धड़कन अनियमित हो सकती है और गंभीर स्थिति में इससे हृदय रोगों का भी खतरा रहता है।

बचपन और किशोरावस्था में पर्याप्त कैल्शियम न मिलने पर बच्चों की हड्डियां और मांसपेशियां सही से विकसित नहीं हो पातीं।



# आईशैडो को मेकअप के लिए इन 5 तरीकों से करें इस्तेमाल, मिलेगा बेहतरीन लुक



आमतौर पर महिलाएं आईशैडो का इस्तेमाल अपनी आंखों को सजाने के लिए करती हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि आईशैडो का उपयोग अन्य कई तरीकों से भी किया जा सकता है। आईशैडो से आप अपने पूरे चेहरे को एक नया रूप दे सकती हैं। इस लेख में हम आपको आईशैडो के कुछ अनोखे उपयोगों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आपका मेकअप और भी खास बन सकता है।

### आईलाइनर की तरह करें इस्तेमाल

आईशैडो को आईलाइनर की तरह इस्तेमाल करना एक बेहतरीन तरीका है। अगर आपके पास आईलाइनर नहीं है या आपका आईलाइनर खत्म हो गया है तो आईशैडो का इस्तेमाल करें। एक पतली ब्रश पर थोड़ा सा आईशैडो लें और इसे अपनी आंखों के ऊपर लगाएं। यह तरीका न केवल सस्ता है, बल्कि इससे आपको एक अलग और खास लुक भी मिलेगा। आप अलग-अलग रंगों का आईशैडो चुनकर अपने लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

### आइब्रो को भरने के लिए करें उपयोग

आइब्रो को भरने के लिए भी आप आईशैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक पतली ब्रश पर थोड़ा सा आईशैडो लें और अपनी आइब्रो की खाली जगहों पर लगाएं। इससे आपकी आइब्रो पूरी तरह से भरी हुई और घनी दिखेंगी। आप चाहें तो अलग-अलग रंगों का आईशैडो चुनकर अपनी भौंहों को और भी खास बना सकती हैं। यह तरीका सस्ता होने के साथ-साथ आपके मेकअप को भी एक नया रूप देता है।

### गालों पर ब्लश की तरह लगाएं

गालों पर रंग लगाने के लिए भी आप आईशैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक मोटी ब्रश पर थोड़ा सा आईशैडो लें और अपने गालों पर हल्के हाथों से रगड़ें। इससे आपके गालों को एक प्राकृतिक रंग मिलेगा और आपका चेहरा ताजगी भरा लगेगा। यह तरीका सस्ता होने के साथ-साथ आपके मेकअप को भी एक नया रूप देता है। आप अलग-अलग रंगों का आईशैडो चुनकर अपने लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

### होंठों पर लिपस्टिक के तौर पर लगाएं


होंठों पर लगाने के लिए भी आप आईशैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए अपने होंठों पर थोड़ा सा आईशैडो रगड़ें और ऊपर से पारदर्शी लिप बाम लगा लें। इससे आपके होंठों को एक अलग और खास लुक मिलेगा। यह तरीका सस्ता होने के साथ-साथ आपके मेकअप को भी एक नया रूप देता है। आ प चाहें तो अलग-अलग रंगों का आईशैडो चुनकर अपने लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

### नाखूनों पर डिजाइन बनाने के लिए

नाखूनों पर डिजाइन बनाने के लिए भी आप आईशैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक पतले ब्रश पर थोड़ा सा आईशैडो लें और अपने नाखूनों पर डिजाइन बनाएं। यह तरीका न केवल सस्ता है, बल्कि इससे आपके नाखून भी खास दिखेंगे। इस तरह आप आईशैडो का उपयोग करके अपने पूरे चेहरे को नया रूप दे सकती हैं और अपने मेकअप को और भी खास बना सकती हैं।

# क्रेडिट कार्ड, एलपीजी गैस से लेकर यूपीएस तक, आज से बदलेंगे ये नियम, यहां जानें सबकुछ

अलग अलग सेक्टरों में होने जा रहे ये बदलाव आपके बजट और लाइफस्टाइल दोनों को प्रभावित करने का काम करेंगे। एक नागरिक होने के नाते आपको आज से यानी सितंबर महीने में होने जा रहे इन बदलावों के बारे में जानना जरूरी हो जाता है।



हर महीना नए बदलावों को लेकर आता है। ऐसे में आज से सितंबर महीने की शुरुआत हो गई है। वहीं, आज यानी सितंबर महीने से कई नए बदलाव लागू हो रहे हैं, जिनका सीधा असर आपकी जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ेगा। सितंबर महीने में इनकम टैक्स रिटर्न, यूपीएस और क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं। इसके अलावा एलपीजी गैस की कीमतों में भी बदलाव देखने को मिलेगा।

ये बदलाव आपके लिए फायदे और नुकसान का कारण बन सकते हैं। अलग अलग सेक्टरों में होने जा रहे ये बदलाव आपके बजट और लाइफस्टाइल दोनों को प्रभावित करने का काम करेंगे। एक नागरिक होने के नाते आपको सितंबर महीने में होने जा रहे इन बदलावों के बारे में पता होना जरूरी है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं सितंबर महीने से किन-किन नियमों में बदलाव होगा? आप आगे इस बारे में जान सकते हैं...

### आईटीआर फाइलिंग

आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 30 जुलाई, 2025 थी जिसे आयकर विभाग द्वारा बढ़ाकर 15 सितंबर, 2025 कर दिया गया है। इस कारण आपको 15 सितंबर से पहले आईटीआर फाइल कर लेना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप पर नोटिस आ सकता है।

### यूपीएस

एनपीएस यानी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 30 सितंबर तक यूनिफाइड पेंशन योजना को चुनना होगा। इसे चुनने के लिए पहले 30 जून का समय तय किया गया था। हालांकि, इसे अब बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है।

### क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम

एसबीआई ने चुनिंदा कार्ड के लिए नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। ये बदलाव आज यानी 1 सितंबर, 2025 से लागू हो रहे हैं। इस नियम के अंतर्गत कुछ कार्ड्स के लिए रिवॉर्ड पॉइंट्स के नियमों में संसोधन किया गया है। वे लोग जिनके पास ये कार्ड हैं वे डिजिटल गेमिंग और सरकारी वेबसाइट पर ट्रांजैक्शन से जुड़े खर्चों पर कोई रिवॉर्ड पॉइंट्स नहीं कमा सकेंगे।

### एलपीजी गैस कीमतों में बदलाव

हर महीने की शुरुआत में तेल कंपनियां एलपीजी गैस की कीमतों में बदलाव करती हैं। इस कारण आज यानी 1 सितंबर से एलपीजी गैस की कीमतों में बदलाव हो सकता है। इसके अलावा सीएनजी, पीएनजी और जेट फ्यूल की कीमतों में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।









# बदल गए ये 8 बड़े नियम, आधार-ITR से लेकर क्रेडिट कार्ड तक... चूके तो होगी मुश्किल!




**कल यानी 1 सितंबर 2025 से आपकी रोजमर्रा की जिंदगी और जेब से जुड़े कई बड़े नियमों में बदलाव होने जा रहा है। इनकम टैक्स रिटर्न (ITR), आधार कार्ड, SBI क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट्स और LPG सिलेंडर की कीमतों तक, ये बदलाव सीधे आपको प्रभावित करेंगे। अगर आपने समय रहते इन पर ध्यान नहीं दिया, तो आपको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। आइए जानते हैं इन 8 बड़े बदलावों के बारे में विस्तार से:**

### 1. ITR फाइल करने का आखिरी मौका

जिन टैक्सपेयर्स ने अभी तक अपना आयकर रिटर्न (ITR) दाखिल नहीं किया है, उनके लिए लेट फाइलिंग की अंतिम तारीख 30 सितंबर 2025 है। अगर आप इस तारीख तक भी रिटर्न दाखिल करने से चूक जाते हैं, तो आपको भारी जुर्माना और ब्याज चुकाना पड़ सकता है।

### 2. फ्री में आधार कराएं अपडेट

UIDAI द्वारा आधार कार्ड को मुफ्त में अपडेट कराने की सुविधा 14 सितंबर 2025 को समाप्त हो रही है। इस तारीख के बाद आधार में नाम, पता या जन्मतिथि जैसी कोई भी जानकारी अपडेट कराने पर आपको शुल्क देना होगा।

### 3. NPS से UPS में जाने की डेडलाइन

सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (UPS) चुनने का आज आखिरी मौका है। नई पेंशन योजना (NPS) से UPS में स्विच करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है।

### 4. SBI क्रेडिट कार्ड यूजर्स ध्यान दें

1 सितंबर से SBI अपने क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड पॉइंट्स प्रोग्राम में बड़ा बदलाव कर रहा है। अब सरकारी वेबसाइटों पर किए गए भुगतान, डिजिटल गेमिंग और कुछ चुनिंदा व्यापारियों पर किए गए खर्च पर ग्राहकों को रिवॉर्ड पॉइंट्स नहीं मिलेंगे।

### 5. स्पेशल FD में निवेश का मौका

अगर आप फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) में निवेश कर बेहतर ब्याज दर पाना चाहते हैं, तो कुछ बैंकों की स्पेशल FD योजनाओं में निवेश करने का यह आखिरी महीना है। इंडियन बैंक और IDBI बैंक समेत कई बैंकों की स्पेशल FD स्कीमें 30 सितंबर 2025 को समाप्त हो रही हैं।

### 6. चांदी की ज्वेलरी पर नया नियम

1 सितंबर से चांदी की ज्वेलरी के लिए हॉलमार्किंग का नियम स्वैच्छिक रूप से लागू हो जाएगा। यानी अब ग्राहकों के पास विकल्प होगा कि वे हॉलमार्क वाली चांदी खरीदें या बिना हॉलमार्क वाली। फिलहाल इसे अनिवार्य नहीं किया गया है।

### 7. इंडिया पोस्ट का बड़ा बदलाव

इंडिया पोस्ट 1 सितंबर से एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब "रजिस्टर्ड पोस्ट" सेवा को "स्पीड पोस्ट" में मिला दिया गया है। इसका मतलब है कि अब से सभी रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट के जरिए ही भेजी जाएंगी, जिससे डिलीवरी तेज और अधिक विश्वसनीय होगी।

### 8. LPG सिलेंडर की नई कीमतें

हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां LPG सिलेंडर के दामों की समीक्षा करती हैं। ऐसे में 1 सितंबर को भी घरेलू और कमर्शियल LPG सिलेंडर की कीमतों में बदलाव देखने को मिल सकता है।

# यूक्रेन जंग की वजह से लेकर मोदी-जिनपिंग की तारीफ तकपुतिन ने SCO समिट में क्या कहा?




**मॉस्को, एजेंसी।** पति व्लादिमिर पुतिन ने चीन में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की मीटिंग को संबोधित किया। इसमें यूक्रेन जंग से लेकर अलास्का में ट्रंप के साथ हुई मीटिंग का जिक्र किया। पुतिन ने कहा कि रूस इस सिद्धांत का पालन करता है कि कोई भी देश किसी अन्य देश की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता।

पुतिन ने जंग रोकने को लेकर भारत और चीन के कोशिशों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संकट के मूल कारणों का समाधान किया जाना चाहिए और एक सुरक्षा संतुलन स्थापित होना चाहिए। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन जंग के का एक कारण है यूक्रेन को नाटो में घसीटने की पश्चिमी देशों की कोशिश।

### पश्चिमी देशों की वजह से जंग शुरू हुई: पुतिन

पुतिन ने कहा कि यह संकट रूसी हमले की वजह से शुरू नहीं हुआ, बल्कि पश्चिमी देशों के यूक्रेन में तख्तापलट की वजह से हुआ। रूस इस सिद्धांत का पालन करता है कि कोई भी देश किसी अन्य देश की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता।

### Putin Modi And Zinping

SCO समिट के दौरान एक और दिलचस्प दृश्य देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी, पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अचानक एक दूसरे के साथ बातचीत करते और हंसी-मजाक करते नजर आए।

### अलास्का समिट को सकारात्मक बताया

पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन में संकट को सुलझाने के लिए चीन और भारत के कोशिशों की सराहना करते हैं। पुतिन ने 15 अगस्त को अलास्का में अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। पुतिन ने कहा कि मैंने जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ भी उस बैठक के परिणामों पर चर्चा की। पुतिन ने कहा कि वह SCO समिट के द्विपक्षीय बैठकों के दौरान बाकी नेताओं को भी अलास्का समिट से जुड़ी जानकारी देंगे। पुतिन ने कहा कि ट्रंप के साथ अलास्का समिट में बनी सहमति यूक्रेन में शांति का मार्ग खोलती है। संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांत आज भी वैध और अडिग हैं। इनमें राज्यों की संप्रभुता के सम्मान का सिद्धांत भी शामिल है।

### पुतिन और मोदी की मीटिंग आज

पुतिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। समिट शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन एक-दूसरे से गर्मजोशी से गले मिलते देखे गए। मोदी ने X पर लिखा, 'राष्ट्रपति पुतिन से मिलकर हमेशा खुशी होती है।'

मोदी ने पुतिन के साथ कार में बैठे हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की। उन्होंने लिखा, 'मैं पुतिन के साथ बाइलैटरल मीटिंग वाली जगह जा रहा हूं। उनके साथ बातचीत हमेशा अच्छी होती है।'

# अफगानिस्तान में भूकंप का तगड़ा झटका, पाक के दुश्मन TTP की टूट गई कमर?

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के जलालाबाद में भूकंप का तगड़ा झटका महसूस किया गया है। अफगानिस्तान मौसम विज्ञान के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.0 दर्ज की गई है। नंगरहार इलाके में भूकंप का सबसे ज्यादा क्षति होने की बात कही जा रही है। शक्तिशाली भूकंप की वजह से 600 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर है। भूकंप से जहां अफगानिस्तान में विनाश की स्थिति है। वहीं पाकिस्तान इस शक्तिशाली भूकंप की वजह से खुश है। दरअसल, जो नंगरहार इलाका भूकंप का केंद्र है। वहां दुनिया के सबसे खतरनाक आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान सबसे ज्यादा सक्रिय रहा है। यूएन के मुताबिक नंगरहार में टीटीपी का एक ट्रेनिंग कैंप है। यहीं से ट्रेंड होकर टीटीपी के लड़ाके पाकिस्तान में अटैक करने जाते हैं।

यूएन मॉनिटरिंग टीम के मुताबिक टीटीपी के पास वर्तमान में 6000-6500 लड़ाके हैं। इसे सबसे खतरनाक आतंकी संगठन माना जाता है। नंगरहार में टीटीपी के आतंकी ट्रेनिंग लेते हैं। यहां टीटीपी के कई कैंप है। पहले इस इलाके में ओसामा बिन लादेन के आतंकी लड़ाके रहते थे। अफगानिस्तान के नंगरहार पहाड़ी इलाका है। यहां पर आतंकियों को ट्रेस कर पाना पाकिस्तान के लिए काफी मुश्किल होता है। पाकिस्तान ने कई बार यहां पर एयर स्ट्राइक की कोशिश की है, लेकिन उसकी सेना सफल नहीं हो पाई। बीबीसी उर्दू के मुताबिक नंगरहार में भूकंप की वजह से सभी मुख्य सड़कें टूट गई है। सैकड़ों घर जमींदोज हो गए हैं। आवागमन पूरी तरह बाधित हो गई है।

# चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की जिस पसंदीदा 'रेड फ्लैग' कार में बैठे पीएम मोदी

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के चीन दौरे पर हैं, जहाँ वे शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन यानी SCO समिट में हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान उनके लिए चीन की सबसे लग्जरी और खास कार होंगची L5 (Hongqi L5) का इंतजाम किया गया, जिसमें बैठकर पीएम मोदी ने तियानजिन की सड़कों पर सफर किया। इस कार की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यही गाड़ी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी आधिकारिक यात्राओं में इस्तेमाल करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि 2019 में जब शी जिनपिंग भारत के महाबलीपुरम आए थे, तब भी वे इसी कार से सफर करते दिखाई दिए थे। अब जब मोदी चीन पहुँचे हैं, तो उनके लिए भी वही खास कार रिजर्व की गई।

होंगकी का मतलब चीनी भाषा (मैंडरिन) में रेड फ्लैग यानी लाल झंडा होता है। यह ब्रांड चीन की सरकारी कंपनी फर्स्ट ऑटोमोबाइल वर्क्स (FAW) के तहत चलता है और 1958 में लॉन्च हुआ था। शुरुआत से ही इसे चीन के मेड इन चाइना ड्रीम का प्रतीक माना गया। पहली बार इसे सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी के टॉप लीडर्स के लिए बनाया गया था। 1981 में इसका उत्पादन रोक दिया गया मगर 1990 के दशक के मध्य में फिर से काम चालू हुआ। आज इसका सबसे बड़ा और पहचान बनाने वाला मॉडल है होंगकी L5, जिसे राष्ट्रपति और खास विदेशी मेहमानों के लिए आरक्षित रखा जाता है।

### चीन की रोल्स रॉयस है ये कार

होंगकी L5 को अक्सर चीन की रोल्स रॉयस कहा जाता है। इसकी लंबाई करीब 5.5 मीटर (18 फीट) है और वजन 3 टन से ज्यादा है। इसमें 6.0-लीटर V12 टर्बो इंजन लगा है, जो 400 हॉर्सपावर से ज्यादा ताकत देता है। ये कार 0 से 100 किमी/घंटा तक लगभग 8.5 सेकंड में पहुंच जाती है और इसकी टॉप स्पीड करीब 210 किमी/घंटा है। सुरक्षा के लिए इसमें ऑल-व्हील ड्राइव, एडैप्टिव क्रूज़ कंट्रोल, 360-डिग्री कैमरे और पार्किंग सेंसर मौजूद हैं। कार का इंटीरियर पूरी तरह से वीआईपी अनुभव देने वाला है। इसमें नैपा लेदर सीट्स, लकड़ी का सजावटी काम और यहां तक कि जेड (कीमती पत्थर) की इनले तक दी गई है। होंगकी L5 की कीमत करीब 5 से 7 करोड़ रुपये के बीच में है। यह सिर्फ चीन की सबसे महंगी प्रोडक्शन कार में शुमार नहीं है बल्कि सबसे सुरक्षित कारों में भी गिनी जाती है। यह बुलेटप्रूफ है और खासतौर पर नेताओं व डिप्लोमैट्स के लिए डिजाइन की गई है।

# एससीओ मीटिंग में मोदी की पुतिन-शी के साथ नजदीकी देख, अमेरिका बोला- भारत संग रिश्ता है 21वीं सदी की पहचान

**शंघाई।** चीन में हो रही शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की बैठक इस बार कई मायनों में चर्चा में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक मंच पर दिखाई दिए, तो वहीं दूसरी तरफ अमेरिका को इन तीनों की नजदीकी रास नहीं आ रही है।

इसी कड़ी में अमेरिका भारत के साथ अपने रिश्तों को 21वीं सदी की पहचान बता रहा है। ये तब कहा गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टीम से भारत के खिलाफ लगातार तल्ख बयान आ रहे हैं।



### भारत के साथ रिश्तों को किया याद

अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से कहा गया कि भारत और अमेरिका की साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। वॉशिंगटन ने इस रिश्ते को सिर्फ रणनीतिक नहीं, बल्कि लोगों के बीच गहरी दोस्ती पर आधारित बताया। सोशल मीडिया पर अमेरिकी दूतावास ने #USIndiaFWDforOurPeople हैशटैग के साथ रक्षा सहयोग, नवाचार और द्विपक्षीय संबंधों को भविष्य की दिशा देने वाला बताया।

### मगर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश जारी

लेकिन दूसरी तस्वीर थोड़ी अलग है। डोनाल्ड ट्रंप के खेमे से भारत पर लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले भारत पर करीब 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया गया, जिसके पीछे रूस से तेल खरीद को वजह बताया गया। ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो ने पिछले एक हफ्ते में कई बार भारत पर सीधा हमला बोला।

### मोदी का युद्ध है रूस-यूक्रेन संघर्ष- पीटर नवारो

नवारो ने 28 अगस्त को कहा था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष असल में "मोदी का युद्ध" है। उनका आरोप है कि भारत रूसी कच्चा तेल सस्ते दामों पर खरीदकर, रिफाइन करने के बाद ऊंची कीमत पर बेच रहा है और इस प्रक्रिया से पुतिन की वॉर मशीन को वित्तीय मदद मिल रही है। उन्होंने 29 अगस्त को और आगे बढ़कर भारत को "क्रेमलिन की मनी लॉन्ड्रिंग मशीन" तक कह दिया।

नवारो ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय रिफाइनरियां आम लोगों की कीमत पर मुनाफा कमा रही हैं, और इससे रूस को ताकत मिल रही है। उनके मुताबिक अमेरिका का टैरिफ इसी मदद को रोकने का एक जरिया है। इन बयानों से साफ है कि अमेरिका में भारत को लेकर मतभेद की दोहरी तस्वीर उभर रही है एक ओर आधिकारिक स्तर पर मजबूत रिश्तों का दावा, दूसरी ओर ट्रंप खेमे से लगातार बढ़ती नाराजगी।

# मुंबई में नए यात्री जेटी के खिलाफ दायर याचिका खारिज, पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण रोकने से भी इनकार






**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण मुंबई स्थित गेटवे ऑफ इंडिया पर एक नए यात्री जेटी और टर्मिनल के निर्माण के खिलाफ दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। हाई कोर्ट ने 15 जुलाई को गेटवे ऑफ इंडिया के पास महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) द्वारा प्रस्तावित 229 करोड़ रुपये की लागत वाली यात्री जेटी और टर्मिनल सुविधा के निर्माण को चुनौती देने वाली तीन याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ लॉरा डी सूजा द्वारा दायर अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता है। समुद्र में लगभग 1.5 एकड़ में फैली यह परियोजना, दक्षिण मुंबई में रेडियो क्लब के पास स्थित गेटवे ऑफ इंडिया से लगभग 280 मीटर की दूरी पर होगी। याचिका के अनुसार, परियोजना योजना में 150 कारों की पार्किंग, वीआईपी लाउंज/प्रतीक्षा क्षेत्र, एम्फीथिएटर और टिकट काउंटर/प्रशासनिक क्षेत्र के साथ-साथ समुद्र में खंभों पर टेनिस रैकेट के आकार का एक विशाल जेटी बनाना शामिल है। यह आरोप लगाया गया था कि इस परियोजना से स्थानीय लोगों को असुविधा होगी क्योंकि योजना में यातायात की समस्या के मुद्दे पर विचार नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें देश भर में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) की शुरुआत को चुनौती दी गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि लाखों वाहन चालकों को एथेनॉल मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि उनके वाहन इसके लिए डिजाइन नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में उठाए गए तर्कों को खारिज कर दिया। याचिका में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी पेट्रोल पंपों पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

याचिका में दावा किया गया है कि लाखों वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर असहाय महसूस कर रहे हैं और उन्हें ऐसा ईंधन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसे उनके वाहन संभाल नहीं सकते। याचिका में दावा किया गया है कि 2023 से पहले निर्मित कारें और दोपहिया वाहन, और यहां तक कि कुछ नए BS-VI मॉडल भी, उच्च इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिए अनुकूल नहीं हैं। केंद्र ने याचिका का विरोध किया और दावा किया कि इथेनॉल मिश्रित ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है।

# फेक न्यूज का वाहक न बने मीडिया : हरिनारायणचारी







**भोपाल।** भोपाल के पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणचारी मिश्रा का कहना है कि घटनाएं कई बार जैसी दिखती हैं वैसी नहीं होतीं। अक्सर उनकी पड़ताल करने कुछ अलग ही सच उजागर होता है। वस्तुनिष्ठता के बजाए भावनाओं के आधार पर लिखने से चीजें बिगड़ सकती हैं। श्री मिश्रा आज यहां माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित 'मीडिया और पुलिस' विषय आयोजित पर मास्टर क्लास को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी, कुलसचिव प्रो. पी. शशिकला, विभागाध्यक्ष प्रो.संजय द्विवेदी मौजूद रहे। श्री हरिनारायणचारी ने कहा कि तकनीक के कारण अपराध का तरीका बदला है, भौगोलिक सीमाएं भी टूट गयी हैं। ऐसे में सूचना के प्रवाह के विनियमित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तर्कसंगत ढंग से घटना को न देखें तो जांच की दिशा बदल जाती है। ऐसे में लोगों के जागरूक करने में मीडिया की भूमिका बहुत महत्व की है। उन्होंने बताया की कई बार अपराध को ग्लैमराइज्ड करके दिखाया जाता है। इससे समाज में गलत चलन का खतरा पैदा होता है। देखा गया है कि आत्महत्या की खबरों को बढ़ा- चढ़ा कर पेश करने से आत्महत्याओं की संख्या बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टिंग की कसौटी है जनहित और राष्ट्रहित। उनका कहना था कि मीडिया की सक्रियता के चलते कई कानून बदले और कई कानूनों को और कड़ा बनाया गया। इसके साथ ही अनेक मामले मीडिया के दबाव में खुले और सामने आए। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि लगातार गांवों से शहरों की तरफ पलायन से पुलिस पर दबाव बढ़ा है। पत्रकारिता के विद्यार्थियों पर दुहरा दवाब है कि वे अच्छे नागरिक भी बनें और अच्छे पत्रकार भी। राष्ट्रीय सुरक्षा के सवालों को रिपोर्ट करते समय हमें ध्यान रखना है कि क्या देना और क्या नहीं देना। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सीजनल नहीं हैं क्वीर स्टोरीज, ये इंसानी कहानियां हैं : श्वेता त्रिपाठी



अभिनेत्री-निर्माता श्वेता त्रिपाठी के ड्रामा कॉक को मुंबई और दिल्ली में प्राइड मंथ के दौरान खूब सराहना मिली। उन्होंने कहा कि क्वीर कहानियां सीजनल नहीं, बल्कि मानवीय हैं, जो साल भर सम्मान की हकदार हैं। श्वेता अपनी स्टेज प्रोडक्शन कंपनी ऑलमायटी के तहत इस ड्रामा को भारत के अन्य शहरों में ले जाने की तैयारी कर रही हैं।

श्वेता ने बताया, यह ड्रामा मेरे दिल के बहुत करीब है। एक सहयोगी के रूप में, हमें हर दिन इन कहानियों को बढ़ावा देना चाहिए। ये इंसानी कहानियां हैं, जिन्हें जगह और सम्मान मिलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि एक कलाकार के रूप में वह उस दुनिया की विविधता को दिखाने की जिम्मेदारी महसूस करती हैं, जिसमें हम रहते हैं।

कॉक एक ड्रामा है, जो प्यार, पहचान और सेक्सुअलिटी जैसे विषयों पर बनी है। ब्रिटिश नाटककार माइक बार्टलेट लिखित और मनीष गांधी के निर्देशन में बने इस नाटक में एक पुरुष की कहानी है, जो अपने पुराने पुरुष साथी और एक महिला के प्रति आकर्षण के बीच उलझा है।

यह नाटक भारतीय रंगमंच में एलजीबीटीक्यू प्लस प्रतिनिधित्व को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा छेड़ रहा है। श्वेता ने बताया कि वह साल 2025 और 2026 तक इस नाटक को और शहरों में ले जाने की योजना बना रही हैं, ताकि नए दर्शकों के साथ भी यह बातचीत जारी रहे।

नाटक के अलावा, श्वेता एक निर्माता के रूप में अपनी पहली फिल्म की तैयारी कर रही हैं, जो एक मार्मिक क्वीर प्रेम कहानी होगी।

एक्टिंग की बात करें तो श्वेता साल 2023 में आई विपुल मेहता की कॉमेडी फिल्म कंजूस मखीचूस में नजर आई थीं।

कंजूस मखीचूस का निर्माण सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के साथ थंडरस्काई एंटरटेनमेंट ने किया है। यह फिल्म प्रसिद्ध गुजराती नाटक सजन रे झूठ मत बोलो पर आधारित है।

फिल्म में श्वेता त्रिपाठी के साथ कुणाल खेमू, पीयूष मिश्रा, अलका अमीन और राजीव गुप्ता अहम भूमिकाओं में हैं। जी5 पर रिलीज हुई कंजूस मखीचूस कमीडियन राजू श्रीवास्तव की आखिरी फिल्म रही।

# निहाल कोधाटी स्टारर कॉमिक थ्रिलर चाइना पीस का टीज़र जारी




चाइना पीस का आधिकारिक टीज़र एक समारोह में जारी किया गया, और यह एक मज़ेदार कॉमिक थ्रिलर होने का वादा करता है। टीज़र की शुरुआत एक गंभीर मोड़ पर होती है, जिसमें एक देश के सैन्य रहस्य दांव पर लगे हैं, लेकिन जल्द ही यह एक हास्यपूर्ण मोड़ ले लेता है, जहाँ इसके नायक, एक महत्वाकांक्षी देशभक्त, जिसकी ऊर्जा का कोई ठिकाना नहीं है, का परिचय होता है। निहाल कोधाटी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि कमल कामराजू और सूर्या श्रीनिवास अन्य प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे। फिल्म के अनोखे किरदार और पागलपन भरे गुण इसके हास्य और मनोरंजन को और बढ़ा देंगे।

इस फिल्म में निहाल कोधाटी, कमल कामराजू, सूर्या श्रीनिवास, हर्षिता बंदलामुरी, श्रीशा नुलु और श्रीकांत अयंगर जैसे प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं। अक्की विश्वनाथ रेड्डी इसके लेखक-निर्देशक हैं और कार्तिक रोड्रिग्ज संगीत निर्देशक हैं। फिल्म की तकनीकी टीम में छायांकन के लिए सुरेश रागुतु, संपादन के लिए मार्तंड के वेंकटेश और कला निर्देशन के लिए गणेश पैडिपल्ली शामिल हैं। अपने होनहार कलाकारों और क्रू के साथ, चाइना पीस एक मज़ेदार और मनोरंजक फिल्म होने की उम्मीद है।

फिल्म की कहानी एक ऐसे देशभक्त के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी ऊर्जा कमज़ोर है और जो एक आतंकवादी संदिग्ध बन जाता है, जिसके बाद कई मज़ेदार घटनाएँ घटती हैं। टीज़र फिल्म के अनोखे हास्य को दर्शाता है और एक हँसी-मज़ाक का अनुभव देने का वादा करता है। अपनी अनूठी कहानी और प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, चाइना पीस साल की सबसे प्रतीक्षित कॉमेडी फिल्मों में से एक बन रही है।

फिल्म के टीज़र ने काफी चर्चा बटोरी है और प्रशंसक बेसब्री से इसके रिलीज़ होने का इंतज़ार कर रहे हैं। अपने होनहार कलाकारों, क्रू और कहानी के साथ, चाइना पीस के हंसी से लोटपोट होने की उम्मीद है। इस साल की शुरुआत में टुक टुक में मुख्य भूमिका निभाने वाले निहाल कोधाटी के मुख्य भूमिका में चमकने की उम्मीद है। फिल्म का संगीत, छायांकन और संपादन भी प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है, जो इसे कॉमेडी प्रेमियों के लिए एक मनोरंजक फिल्म बना देगा।

# बागी 4 ट्रेलर रिलीज, एक मोहब्बत के लिए टाइगर श्रॉफ ने बहाई खून की नदियां, संजय दत्त का भी दिखा खलनायक अवतार




टाइगर श्रॉफ अपनी एक्शन फ्रेंचाइजी बागी से एक बार मास एक्शन लेकर आ रहे हैं। हाल ही में बागी 4 का टीजर आया था, जिसमें खून-खराबा और मारकाट देखी गई थी और जिसे देखने के बाद दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए थे। बागी 4 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। बागी 4 का टीजर रिलीज होने के बाद से दर्शकों को इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार था, जो आज खत्म हो चुका है। टीजर में टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त को खूब गदर मचाते हुए देखा गया था। चलिए अब देखते हैं आखिर कैसा है बागी 4 का ट्रेलर।

बागी 4 का 3.41 मिनट का ट्रेलर मास वायलंस से भरा हुआ है। ट्रेलर के हर दूसरे सीन में कभी हाथ तो कभी सिर धड़ से अलग किया जा रहा है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त एक लड़की के चक्कर में इतना खूब खराबा कर रहे हैं, जो फर्श खून से लथपथ हो गया है। ट्रेलर से पता चलता है कि रॉनी (टाइगर श्रॉफ) की गर्लफ्रेंड हरनाज संधू का कुछ अता-पता नहीं है और रॉनी उसे पाने की चाहत में संजय दत्त से लोहा ले रहा है। एक लड़की के चक्कर में इतना खून खराबा किया गया है कि देखने के बाद आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे।

फिल्म बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ स्टार हर्ष ने किया है। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियावाला हैं। फिल्म की अहम स्टारकास्ट में टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बावजा और हरनाज सिंधू कौर हैं। बागी 4 का टीजर इतना खौफनाक है कि सेंसर बोर्ड ने इसे ए सर्टिफिकेट दिया है। टीजर में मारकाट के ऐसे-ऐसे सीन देखने को मिले कि जिसे देखने के बाद आंखें फटी की फटी रह गई और हाथ-पैर कांपने लगे थे। बागी 4 के टीजर के कुछ सीन रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल से प्रेरित बताए जा रहे हैं। खैर, बागी 4 का इंतजार कर रहे है दर्शकों को बता दें कि फिल्म आगामी 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। बता दें, पहले बागी साल 2016 में रिलीज हुई थी, जिसे सब्बीर खान ने डायरेक्ट किया था। साल 2018 में बागी 2 रिलीज हुई और इसके निर्देशक अहमद खान थे। वहीं, साल 2020 में रिलीज हुई फिल्म बागी 3 के निर्देशन भी अहमद खान थे। अब देखना होगा कि बागी 4 दर्शकों को कितनी पसंद आती है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रभात पांडेय द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स 40, वासुदेव भवन कैसरबाग, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं 2/74, विक्रांत खंड, गोमती नगर, लखनऊ से प्रकाशित ।
शाखा कार्यालय: S-15/109, सेक्टर -15, इंदिरा नगर, लखनऊ। समस्त लेख, रचनाओं एवं विज्ञापन में लेखन और विज्ञापनदाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए आर्यावर्त क्रांति की कोई जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र लखनऊ, उत्तर प्रदेश ही होगा। RNI No: UPHIN/2014/57034 Website : aryavartkranti.com
*सम्पादक: प्रभात पांडेय सम्पर्क: 9839909595, 8765295384 Email: aryavartkrantidainik@gmail.com